चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 161 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
04 दिसंबर 2024 बुधवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो







# बादल पर स्वर्ण मंदिर गेट पर जानलेवा हमला, गोली चली

## हमलावर को सुरक्षाकर्मियों व भीड़ ने दबोचा

**अमृतसर. एजेंसी**


पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर आज सुबह जानलेवा हमला किया गया। अमृतसर के गोल्डन टेंपल के गेट पर लगातार दूसरे दिन पहरेदारी कर रहे बादल पर फायरिंग की गई लेकिन वहां मौजूद लोगों की सतर्कता की वजह से एक बड़ा हादसा टल गया। बादल धार्मिक सजा के तौर पर गोल्डन टेंपल के गेट पर पहरेदारी कर रहे थे, तभी वहां एक बुजुर्ग शख्स पहुंचा। उसने गेट पर बैठे बादल को देखकर जेब से पिस्टल निकाली लेकिन वहां बादल की सुरक्षा में तैनात एक शख्स ने उसे ऐसा करते देख लिया उसने तुरंत लपककर हमलावर को रोकने की कोशिश की। इस बीच वहां मौजूद अन्य लोगों ने भी हमलावर को दबोच लिया। इस छीनाझपटी में गोली दीवार में जा लगी। भीड़ ने पिस्टल हमलावर के हाथ से छीन ली। पुलिस ने हमलावर को कस्टडी में ले लिया व पूछताछ कर रही है। बादल आज सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सेवा करने के लिए गोल्डन टेंपल पहुंचे थे। हमले में सुखबीर पूरी तरह सुरक्षित हैं। उनकी पत्नी हरसिमरत कौर मौके पर पहुंची हैं। शिरोमणि अकाली दल ने मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। खबरों की मानें तो हमलावर की पहचान बब्बर खालसा इंटरनेशनल के पूर्व सदस्य के तौर पर की गई है। कहा जा रहा है कि वह 1984 में पाकिस्तान गया था और पाकिस्तान से पंजाब में हथियारों और विस्फोटकों की स्मलिंग करता था। हमलावर ने कथित तौर पर गुरिल्ला युद्ध पर पर किताब भी लिखी है। वह बुड़ैल जेलब्रेक मामले में भी आरोपी है और पंजाब की जेल में सजा भी काट चुका है। वहीं शिरोमणि अकाली दल का कहना है कि नारायण सिंह चौरा का भाई नरेंद्र सिंह डेरा बाबा नानक में चौरा बाजार कमेटी का अध्यक्ष है और वो कांग्रेस सांसद सुखजिंदर रंधावा का करीबी है।

### क्यों सजा काट रहे हैं बादल?

श्रीअकाल तख्त साहिब ने सुखबीर बादल को सजा सुनाई है कि वो गुरुद्वारे में सेवादारी करेंगे, बर्तन धोएंगे और पहरेदारी भी करेंगे। वे श्री दरबार साहिब में बने सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई भी करेंगे। जत्थेदार श्रीअकाल तख्त ने बादल और उनकी पार्टी के नेताओं पर 2007 से लेकर 2017 तक अकाली दल की सरकार के समय धार्मिक गलतियों पर सजा सुनाई है।

# राज्यसभा में किसानों के मुद्दे पर हंगामा, अडाणी मामले में स्थगन

**नईदिल्ली, एजेंसी**





संसद के शीतकालीन सत्र का पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद कुछ कामकाज अब शुरू हो गया है। कल संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। हालांकि विपक्ष अभी भी अदाणी, संभल हिंसा, मणिपुर मामले पर चर्चा की मांग कर रहा है। आज कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला राज्यसभा में किसानों को फसलों की एमएसपी गारंटी देने पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव पेश कर रहे हैं। इसके चलते संसद के हंगामेदार रहने के आसार है। वहीं आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह और कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने अदाणी मामले पर चर्चा के लिए संसद में स्थगन प्रस्ताव पेश किया है। विपक्ष लगातार इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश में है। डीएमके सांसद ने चक्रवाती तूफान फेंगल से तमिलनाडु में हुई तबाही और दो हजार करोड़ की अंतरिम राहत की मांग पर चर्चा के लिए राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव पेश किया है।

**शिवराज से धनखड के सवाल पर कांग्रेस की चुटकी:** उधर एक कार्यक्रम में उपराष्टपति जगदीप धनखड़ द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किसानो के लिये वादे पूरे नहीं करने का सवाल पूछने पर कांग्रेस ने भी चुटकी ली है। जयराम रमेश ने कहा कि हम उपराष्टपति का सम्मान करते हैं। वह राज्यसभा के अभिभावक और संविधान के संरक्षक हैं। जो सवाल उन्होंने पूछा है, वह कांग्रेस भी प्रधानमंत्री से पिछले चार-पांच साल से पूछ रही है। हम भी इस पर चर्चा चाहते हैं और हमने नोटिस भी दिए हैं। हमें खुशी है कि उपराष्टपति ने भी ये सवाल उठाया।

## आज पेश करेंगे सरकार बनाने का दावा, कल शपथ, बमुश्किल माने शिंदे

# देवेंद्र में दम, महामंथन के बाद तय हुआ मुख्यमंत्री, डिप्टी बनेंगे शिंदे

**मुंबई.एजेंसी**

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस पर आज आखिरकार विराम लग गया। भारतीय जनता पार्टी विधायक दल की प्रतीक्षित बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को हुए थे और 23 को परिणाम आने के बाद से ही सीएम फेस को लेकर भाजपा भारी दुविधा में थी। क्योंकि गठबंधन साथी व मौजूदा शिवसेना सीएम एकनाथ शिंदे के सुर कुछ अलग थे। अब वे डिप्टी सीएम के लिये मान गये हैं। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही डिप्टी सीएम बनने वाले एकनाथ शिंदे और अजित पवार शाम को राजभवन जाएंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। साथ ही विधायकों के समर्थन की चिट्ठी सौपेंगे। माना जा रहा है कि कल ये तीनों ही शपथ लेंगे। आज विधायक दल की बैठक में महाराष्ट्र भाजपा के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि हमें फडणवीस के नेतृत्व में जीत मिली है। वे राज्य के विकास के लिए लगातार काम करते रहे हैं। इसके बाद चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुगंटीवार ने फडणवीस के नाम का प्रस्ताव रखा। पंकजा मुंडे ने उनके नाम का अनुमोदन किया। बताया जाता है कि आज महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल की बैठक से पहले मुंबई में कोर कमेटी की बैठक हुई। निर्मला सीतारमण, विजय रूपाणी, देवेंद्र फडणवीस बैठक में मौजूद रहे। मान जा रहा है कि भाजपा ने शिंदे को संतुष्ट रखने के लिये उनकी पसंद के कुछ विभाग उन्हें देने का निर्णय भी कर लिया है। हालांकि इस बारे में साफ तौर पर नेता कुछ भी कहने से इनकार कर रहे हैं।



### कल शपथ, उज्जैन से जाएंगे पुजारी

अब दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में गुरुवार को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ करीब 2,हजार अति महत्वपूर्ण व्यक्ति और 40हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस समारोह में कई केंद्रीय मंत्रियों और विभिन्न राज्यों के 19 मुख्यमंत्रियों तथा उपमुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है। खबर है कि देवेंद्र फणवीस ने महाकाल मंदिर के पुजारी को शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

## संबल: सीएम ने भेजी 225 करोड़ की सहायता

**भोपाल.** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज यहां संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता के 10 हजार 236 प्रकरणों में श्रमिकों के परिवारों को 225 करोड़ रुपये की सहायता राशि सिंगल क्लिक से वितरित कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी उपस्थित हैं। प्रदेश में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए संचालित महत्वपूर्ण संबल योजना में अनुग्रह सहायता योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर चार लाख रुपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर दो लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं।




# संभल जा रहे राहुल-प्रियंका को बार्डर पर पुलिस ने रोका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को आज दिल्ली बार्डर पर पुलिस ने रोक दिया। उनके साथ केसी वेणुगोपाल, केएल शर्मा, उज्जल रमन सिंह, तनुज पूनिया और इमरान मसूद भी हैं। राहुल और प्रियंका, पिछले दिनों हुई हिंसा में मारे गए लोगों से मुलाकात करने के इरादे से जाना चाह रहे हैं। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने संभल में 10 दिसंबर तक नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के प्रवेश पर बैन है। वहीं, दिल्ली के बॉर्डर पर भी पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है और बैरिकेडिंग की गई है। प्रशासन की पहले से ही पूरी तैयारी थी कि राहुल गांधी को दिल्ली के बॉर्डर पर ही रोक लिया जाए। राहुल और प्रियंका को रोकने पर साथ में मौजूद सांसद इमरान मसूद ने कहा, आप इसको जल्दी से खोलिए। आप लोगों को क्यों परेशान कर रहे हैं, अगर हमें नहीं जाने देना चाहते हैं, तो रोक लीजिए लेकिन लोगों का रास्ता नहीं बंद करिए। तनुज पूनिया ने कहा कि आज नहीं जाने देंगे, तो बाद में जाएंगे, 10 तारीख के बाद जाएंगे। उधर यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने कहा, हम 5 लोग जाएंगे, धारा163 में इतने लोगों की परमिशन होती है।

# शेयर बाजार में हरियाली बरकरार बैंकिंग शेयर्स के दम पर आई तेजी

## सेंसेक्स व निफ्टी भागे

**मुंबई, एजेंसी**



शेयर बाजार में आज फिर तेजी है। सेंसेक्स 300 अंकों से ज्यादा उछलकर एक बार फिर 81,000 के आंकड़े को पार कर गया है, तो वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी तूफानी रफ्तार से भाग रहा है। सेंसेक्स ने 80,845.75 की तुलना में तेजी के साथ 81,036.22 के लेवल पर कारोबार शुरु किया और कुछ ही मिनटों में ये 380 अंक से ज्यादा उछलकर 81,245.29 के लेवल पर कारोबार करता नजर आया। निफ्टी 100 अंकों की उछाल के साथ 24,573.20 के लेवल पर पहुंचा। आज शेयर बाजार में तेजी के पीछे बैंकिंग शेयरों का सपोर्ट साफ नजर आया। इस बीच बैंकिंग शेयरों ने अपना दम दिखाया है और यूको बैंक से लेकर बैंक आफ बडौदा तक में जोर है। आईटी के शेयरों में भी उछाल देखने को मिला।

## तेलंगाना में भूकंप, छत्तीसगढ़ तक झटके

**रायपुर।** तेलंगाना के मुलूगु जिले में आज सुबह करीब 7.30 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप 5.3 तीव्रता का था। इस भूकंप के झटके छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के जिलों में भी महसूस हुए। सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और जगदलपुर तक लोगों ने झटके महसूस किए। बीजापुर में भोपालपटनम, आवापल्ली सहित पूरे जिले मे भूकंप के लगे झटके से लोग डरकर घरों से बाहर भागे। इन झटकों से खि?की, दरवाजे, टीन शेड बहुत तेजी से हिलने लगे।

## द. कोरियाई राष्ट्रपति ने 6 घंटे बाद 'मार्शल लॉ' हटाया

**सोल, एजेंसी**

दक्षिण कोरिया में 'आपातकालीन मार्शल लॉ' लागू करने के लगभग छह घंटे बाद राष्ट्रपति यून सुक योल ने बुधवार को इस प्रावधान को हटाने की घोषणा की। कोरियाई राष्ट्रपति ने इसे समाप्त करने के लिए सर्वस मति से पारित संसदीय प्रस्ताव का अनुपालन किया। गौरतलब है कि श्री योल की कैबिनेट ने मंगलवार देर रात मार्शल लॉ लागू करने के उनके फैसले को मंजूरी दे दी थी और बुधवार को दक्षिण कोरियाई समयानुसार सुबह 4.30 बजे इसे लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति ने मंगलवार रात करीब 11 बजे अपने संबोधन में आपातकाल की घोषणा की थी। श्री योल ने अपने संबोधन में देश के विपक्ष पर 'देश विरोधी' गतिविधियों के जरिए सरकार को 'पंगु' करने का आरोप लगाया था। हालांकि, जब उन्होंने मार्शल लॉ वापस लिया, तो राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने इसे 'राष्ट्र के आवश्यक कार्य को पंगु बनाने की कोशिश करने वाली देश विरोधी ताकतों के सामने राष्ट्र को बचाने के अपने दृढ़ इरादे से' मार्शल लॉ लागू किया था। राष्ट्रपति के इस फैसले पर सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी और विपक्ष दोनों ने आपत्ति जताई। पीपुल्स पावर पार्टी के प्रमुख हान डोंग-हून ने राष्ट्रपति की मार्शल लॉ की घोषणा को 'गलत' बताया, जबकि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इस घोषणा को 'असंवैधानिक, जनविरोधी' करार दिया। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, यह निर्णय विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से संसदीय बजट समिति में एक छोटे बजट विधेयक को पारित कराने तथा एक राज्य लेखा परीक्षक और मु य अभियोजक के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने के बाद लिया गया।

**मेट्रो एंकर** — कई शहरों में निकल रही आक्रोश रैली, इसमें शामिल हुए समाज के कई वर्ग, बाजार भी रहे बंद


# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**भोपाल/इंदौर**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और तोड़े जा रहे मंदिरों के विरोध में आज प्रदेश के सभी शहरों में प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन में हिंदूवादी संगठन, धार्मिक व सामाजिक संगठनों की सहभागिता के साथ आमजन, व्यापारी समेत सभी वर्ग के लोग सम्मिलित होकर जुलूस में शामिल हैं। भोपाल में आधे दिन के लिये बाजार बंद का आव्हान भी किया गया है। जुलूस में बुद्धिजीवी वर्ग से कई साहित्यकार, शिक्षक, सेना के पूर्व कमांडर, सेवानिवृत्त अफसर, डॉक्टर, प्रोफेशनल, भी शामिल होकर अपना विरोध जता रहे हैं। भोपाल के कार्यक्रम में भाजपा नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय मुख्य वक्ता हैं। इंदौर में लाल बाग तक जुलूस निकाला गया है। भोपाल में सकल हिंदू समाज की दोपहर एक से शाम सात बजे तक भारत माता चौराहा से जवाहर चौक के मध्य सभा एवं विशाल रैली प्रस्तावित है। लिहाजा, कुछ मार्ग परिवर्तित रहेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के वाहनों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। रैली के दौरान जवाहर चौक, रंगमहल, न्यू मार्केट क्षेत्र में सामान्य यातायात कुछ समय के लिए परिवर्तित मार्गों पर चलाया जाएगा।



## भोजपाल महोत्सव मेला



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भेल दशहरा मैदान में लगे भोजपाल महोत्सव मेला में रोजाना हजारों की भीड़ पहुंच रही है। रोशनी में जगमग मेला स्थल।

# शादी में पहुंचेंगे अधिकारी, ई-केवायसी की देंगे सलाह

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आपके यहां शादी-ब्याह का आयोजन हो, गीत संगीत के बीच आप पारिवारिक कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं और उसमें अचानक पटवारी, आरआई और अन्य राजस्व के कर्मचारी- अफसर पहुंच जाएं तो कैसा हो? हां, जिले में ऐसा हो सकता है। खासतौर पर शहर के दूरस्थ अंचल व ग्रामीण क्षेत्रों में। राजस्व महाअभियान के तहत ई-केवायसी, नक्शा तरमीम यान बंटान व राजस्व खातों के खसरों को आधार से लिंक करने अब ऐसे ही आयोजनों की पड़ताल की जा रही है। यहां सामुहिक भोज में गांव व समाज के लोग उपस्थित होते हैं और उनके खातों को खसरे से लिंक कराने या इ-केवायसी कराना आसान होता है। साथ ही इसकी जानकारी और सुझाव तो दिया ही जा सकता है। बैरसिया तहसील से इसकी शुरुआत कर दी गई है। रविवार के दिन ही पटवारियों से लेकर अन्य राजस्व कर्मचारी- अधिकारियों को काम पर बुलाया था। यहां कुछ सामाजिक कार्याक्रम हो रहे थे, जिनमें पटवारियों को भेजकर लोगों को कार्यक्रम के बाद इ-केवायसी के लिए शिविर व तहसील कार्यालय आने की समझाइश दी गई। खासबात ये कि लोग पहुंचे भी। जिससे एक दिन में 1900 प्रकरणों का निपटान हुआ। इसमें 1173 प्रकरण इ-केवायसी के ही निपटाए गए। नक्शा तरमीम यानि बंटान के 572 ओर फार्मर रजिस्ट्री के 113 मामले निपटाए।



### शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से 300 के बीच पहुंच रहा

# धूल ने किया नाक में दम, हांफने लगे फेफड़े



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

शहर में धूल के गुब्बार और वाहनों के धुएं ने नाक में दम कर रखा है। खराब हवा लेकर फेफड़े हाफ रहे हैं। श्वास रोगी सबसे ज्यादा परेशान हैं तो आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरित असर पड़ रहा है। एम्स, जेपी और हमीदिया जैसे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह स्थिति खराब सड़कों और उनके कच्चे किनारों से उड़ने वाली धूल के कारण बन रही है। रही कसर वाहनों पर दौड़ रहे कंडम वाहनों द्वारा छोड़ा जा रहा धुंआ पूरी कर रहा है। इसके अलावा भी हवा में धीमा जहर घोलने वाले कई कारण है, जो कम होने की बजाए बढ़ते जा रहे हैं। भोपाल शहर में इन कारणों का वैज्ञानिक आधार पर अध्ययन करके पता लगाया ज चुका है। लेकिन नियंत्रण के प्रयास अभी भी कमजोर है।

## यहां फेल हो रहा निगम व जिला प्रशासन

- केंद्र ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत शहरों में किए जाने वाले कामों की स्पष्ट गाइडलाइन दी है, उसके तहत शहर में 100 फीसद सड़कों को पक्का करना था, यह काम नहीं हुआ।
- पूर्व से मौजूद सड़कों का मेंटेनेंस ऐसा करना था कि वे बार–बार उखड़ें न, इसकी जगह हुआ यूं कि सड़कें हर दो से 6 महीनें में उखड़ रही है।
- पक्की सड़कों के किनारे कच्चे है, उन पर पेविंग ब्लॉक लगाने थे, यह काम वीआईपी क्षेत्रों में पूरा हुआ, लेकिन घनी आबादी और 90 फीसद सड़कों के किनारे छोड़ दिए गए।
- – शहर में हरित आवरण बढ़ाना था, इसकी जगह विकास कार्यों का हवाला देकर लगातार वनों को उजाड़ा जा रहा है।
- पुराने वाहनों को पूरी तरह बाहर करना था, जांच अभियान तेज करना था इसकी जगह दूसरे राज्यों से पुराने वाहन खरीदे जाकर भोपाल की सड़कों पर खूब दौड़ रहे हैं।
- वाहनों द्वारा छोड़े जाने वाले धुएं की जांच के लिए जगह–जगह पीयूषी केंद्र व चलित यूनिटें बढ़ानी थी, इनकी संख्या गिनी–चुनी है, कोई जांच भी नहीं कराते। पेट्रोल पंप पर इनकी स्थापना कागजों से बाहर नहीं आई।
- खुले में किए जाने वाले सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगाई जानी थी, उन्हें 100 फीसद कवर्ड में किया जाना था, इसकी जगह 95 फीसद कामों को कवर्ड नहीं किया गया। यहां से निकलने वाली धूल वातावरण में फैल रही है।
- धूल एकत्रित करने वाली मशीनों की संख्या बढ़ानी थी, यह भी नहीं किया गया। कचरा व पराली जलाने की घटनाओं को रुकवाया जाना था, दोनों पर नियंत्रण नहीं है।

### चार हजार से अधिक केंद्रों की होगी जरूरत

# माशिमं: बोर्ड परीक्षा में इस बार एक केंद्र पर अधिकतम 250 विद्यार्थी होंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर नए बदलाव की तैयारी कर रहा है। इसके तहत इस बार माशिमं ने प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 250 परीक्षार्थियों को ही शामिल करने के निर्देश दिए हैं। ताकि इन परीक्षाओं में नकल लगाम लगाई जा सके। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए प्रदेश में चार हजार से अधिक केंद्रों की जरूरत प?ेगी। जानकारों की माने तो कई जिलों से परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने से नकल की संभावना ब?ने की शिकायतें मिली थीं। उसकी वजह से इस बार परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों की संख्या सीमित रखने का निर्देश दिए गए हैं। कम संख्या होने से निगरानी आसान होगी। बता दें कि माशिमं से संबद्ध स्कूलों में 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आगामी 25 फरवरी से शुरू हो जाएंगी।

## केंद्रों में यह सुविधाएं अनिवार्य



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उन्हीं स्कूलों को केंद्र बनाने को कहा है जिनके पास फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली, इंटरनेट, सीसीटीवी कैमरों की सुविधा हो। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को केंद्र तय करने की जिम्मेदारी दी गई है। वे जिला शिक्षा अधिकारी और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के साथ प्रस्तावित केंद्रों में खुद जाकर सुविधाएं देखेंगे। उनके अनुमोदन के साथ यह प्रस्ताव माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेजा जाएगा। यहां से मंजूरी मिलने के बाद ही परीक्षा केंद्रों पर मुहर लगेगी।

# भदभदा से रत्नागिरी के 13 किमी हिस्से के लिए निर्माण एजेंसी तय

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण की दो लाइनों में से दूसरी रत्नागरी से भदभदा तक ब्लू लाइन के लिए निर्माण एजेंसी तय हो गई है। अफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर को 1006.74 करोड़ रुपए में काम दिया गया है। करीब 13 किमी की लाइन को बीएच-05 के पैकेज के तहत बनाया जाएगा। फायनेंशियल बिड में चार कंपनियों में टाटा प्रोजेक्ट्स से लेकर एलएंडटी, कल्पतरू भी दौड़ में थी। इस लाइन में वायाडक्ट यानि लाइन के साथ 13 एलीवेटेड मेट्रो स्टेशन का काम होगा। भदभदा चौराहा, डिपो चोराहा, मिंटो हॉल, लाल परेड ग्राउंड, प्रभात चौराहा, गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जेके रोड, इंद्रपुरी, पिपलानी, रत्नागिरी तिराहा पर स्टेशन बनेंगे। पहली ओरेंज लाइन एस से करोद तक में 6.22 किलोमीटर का काम लगभग हो चुका है। जिंसी से पुल बोगदा, भोपाल रेलवे स्टेशन, करोद तक के लिए काम किया जा रहा है। 2027 तक दोनों लाइनों के करीब 32 किमी लंबे ट्रैक पर मेट्रों का कमर्शियल रन कराने का दावा किया जा रहा है।

# निगम को नहीं दे रहे कचरा

**भोपाल.** ठंड का मौसम आते ही शहर में हरी सब्जी भाजी का प्रतिदिन निकलने वाला कचरा अब 1 टन प्रतिदिन तक कचरे के रूप में सामने आ रहा है। नगर निगम के 700 से ज्यादा कर्मचारी शहर के 85 वार्ड में इस प्रकार के कचरे के कलेक्शन में लगे हुए हैं लेकिन जनता का असहयोग से परेशानी हो रही है। पिछले दिनों कचरा प्रबंधन में लगे कर्मचारियों की लापरवाही में हुई कार्रवाई के बाद यह बात सामने आई है। कर्मचारियों का कहना है कि हरी सब्जी और गीला कचरा लोग गाय को खिलाना चाहते हैं और निगम की गाड़ियों में कचरे को डालने से लोग बचते हैं। हरी सब्जी का कचरा उठाने को लेकर लोग कर्मचारियों का विरोध करते हैं। रहवासी बाहुल्य क्षेत्र में हरी सब्जी, भाजी, फल के कचरे को जानवरों के लिए सड़क पर खुला फेंका जा रहा है। किनारे पड़े कचरे को जानवर फैला देते हैं। लोगों के असहयोग से निगम कर्मचारी कार्रवाई के निशाने पर हैं। निगम प्रबंधन ने रहवासियों से अपील की है कि वह गीला एवं सूखा कचरा कलेक्शन वाहनों में डालें।

# अजा युवजन समाज की घोषणा शैलेन्द्र खरे कार्यवाहक अध्यक्ष



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज मध्यप्रदेश शाखा भोपाल की युवज समाज शाखा की घोषणा की गई है, प्रदेशाध्यक्ष रामभरोसे भगवानियां पटेल ने बताया कि प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष शैलेन्द्र खरे रतलाम एवं अनिल गोहरिया जबलपुर वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौहान भोपाल, उपाध्यक्ष दिलीप मैलना पटेल इटारसी, महेश प्रसाद चौधरी जबलपुर, महेन्द्र कुमार राठौर भोपाल, कल्लू खंडवा, जमना प्रसाद घावरी खातेगांव, मुन्नालाल सोलंकी नागदा उज्जैन, विशाल कण्डारे रतलाम, सुरेश बंजारे देवास, महामंत्री. ओमप्रकाश नुनेरे भोपाल, बृजेश पारोचे इंदौर, विवेक चमकेल रीवा, व्हीएल मालवीय रतलाम, मन्नालाल राठौर मंदसौर, राजकुमार धानुक भोपाल, राजू अहिरवार भोपाल, वीरेन्द्र गोसर उज्जैन, सपना पटवाना नंद बडिया रतलाम को बनाया है। मंत्री रामकिशोर भगवानिया, पप्पू भाई भोपाल, जितेन्द्र टांकले, उज्जैन, महेश धूरिया इटारसी, नर्मदापुरम राजेन्द्र नाहर इंदौर, मनोज राव भोपाल, रमेश अहिरवार भोपाल, शैलेन्द्र मेहना रतलाम, सतीश कुमार धोलपुरी गोटेगांव नरसिंहपुर, संगठन मंत्री शैलेन्द्र गोसर बडनगर उज्जैन, शिवपाल छपरी रतलाम, शम्भुदयाल धुरिया भोपाल, संतोष मुन्ना भाई विश्वकर्मा छिन्दवाडा, राजेन्द्र कुमार बेनवाल ग्वालियर, संजय डागर इंदौर, राजेश गोदिया चौधरी भोपाल, ललित मण्डलोई इंदौर बनाए गए हैं। संयुक्त मंत्री अनिला जिनवाल इंदौर, राहुल बीलवान भोपाल, बलराम मेवाती भोपाल, प्रकाश सियोते भोपाल,प्रवक्ता हेमलता डागर इंदौर, गोपाल थनवावर मीडिया प्रभारी इंदौर, एडवोकेट शरवण बोयत विधि सलाहकार रतलाम, मंजू पथरोड विधि सलाहकार उज्जैन, प्रिया गोडाना प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाए गए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विक्की हरिवंशी इंदौर, राजेश मेवाती इंदौर, पप्पू वर्मा इंदौर, सुनाली बोयत रतलाम, प्रेमसागर बारेसा पिन्टू भोपाल बनाए गए हैं।

# स्केटिंग फिस्टा में मिठी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हिरदाराम नगर.** द आईकॉनिक स्कूल, भोपाल में आयोजित इंटर स्कूल स्केटिंग फिस्टा प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने 'उत्कृष्ट प्रदर्शन सम्मान' पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में शहर के लगभग 17 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जहाँ मिठी के खिलाड़ियों ने दो सिल्वर मेडल, तीन ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। विद्यालय कोच राकेश पाटिल को बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# पुण्य तिथि पर बोरवन की सड़क का वादा याद दिलाएं: पारवाणी

**हिरदाराम नगर.** समाजसेवी नानकराम वाधवानी की जयंती पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम सांसद, विधायक और महापौर की मौजूदगी में बोरवन पार्क रोड की मरम्मत किया वादा पूरा न होने का मामला सेवानिवृत्त कर्नल व समाजसेवी नारायण पारवाणी ने उठाया है। पारवाणी ने कहा कि मीसाबंदी नानकराम के जन्मदिन पर कार्यक्रम में सड़क निर्माण का वादा किया था, लेकिन आज तक सड़क की सुध नहीं ली। 26 दिसंबर को एक बार फिर पुण्य तिथि पर नानकरामजी को याद करने नेता जुटेंगे। उन्हें वादा याद दिलाना चाहिए।

# दीपचन्द की आंखों से दो को मिलेगी ज्योति

**हिरदाराम नगर.** संतनगर निवासी दीपचन्द मूलानी का देहावसान विगत दिवस हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्रों हरीश एवं मुरली मूलानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2169 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है।

**मेट्रो एंकर**

### संगठन की मजबूती को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक

# 16 दिसंबर को विधानसभा घेराव को लेकर कांग्रेस की बैठक

**हिरदाराम नगर. एजेंसी**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी संतनगर एवं गांधीनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मंगलवार को अहम बैठक हुई, जिसमें संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कि पिछले लंबे समय से इस क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक नहीं बना उसके बावजूद यहां का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा की ग़लत नीतियों के खिलाफ एवं जनहित के मुद्दों को सडक पर उठा रहा है इस अवसर पर भोपाल लोक सभा चुनाव में रहे प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि हमें किसी भी हालत में निराश नहीं होना है। भोपाल प्रभारी महेश परमार ने कहा कि हम सबको तानाशाही सरकार के खिलाफ बूथ स्तर से लेकर वार्ड और ब्लॉक स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत करना है। 16 दिसंबर को पूरी ताक़त के साथ जनविरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ विधानसभा घेराव करना है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखीलाल पटेल एवं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता त्रिलोक दीपानी ने विपक्षीय प्रहार किए। यहां पर कार्यक्रम का संचालन उप ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सबधाणी तथा आभार उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी ने व्यक्त किया।



# नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज होगा सीएम ने बालाघाट पहुंचकर बनाई रणनीति

## अफसरों से पूछी उनकी प्लानिंग, केंद्र का लक्ष्य– देश से नक्सलियों को करना है खत्म

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बालाघाट समेत आसपास के जिलों में नक्सलियों के खात्मे के लिए सरकार कार्रवाई तेज करेगी। सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में मंगलवार यह रणनीति बनी। अब इस पर काम भी शुरू होगा। पूर्व की प्लानिंग को भी तेजी से अमल में लाया जाएगा। मप्र के बालाघाट समेत आसपास के जिलों में अभी भी नक्सली दबे हुए हैं, जो समय–समय पर रंग दिखाते रहते हैं। हाल में इन्होंने हमला कर दिया था, जिसमें हॉक फोर्स का एक जवान बुरी तरह जख्मी हो गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव मंगलवार को बालाघाट पहुंचे थे, उन्होंने कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिये जीरो टॉलरेन्स की नीति अपनाई जाएगी। उन्होंने नक्सल प्रभावी क्षेत्रों में गश्त बढ़ाते हुए मुखबिर व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने 36वीं बटालियन, हॉक फोर्स सहित सभी स्पेशल फोर्स के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सक्रिय होकर जिम्मेदारी से काम करें।

### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ की बैठक



सीएम डॉ. यादव ने बालाघाट में नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर जन–प्रतिनिधियों, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आईजी संजय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नागेंद्र कुमार द्वारा जिले में नक्सल गतिविधियों के उन्मूलन के उद्देश्य से तैयार की गई योजना के प्रेजेंटेशन का अवलोकन भी किया। उनके साथ परिवहन एवं स्कूल शिक्षा एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद भारती पारधी, विधायक गौरव पारधी, विधायक राजकुमार कराहे, विधायक मधु भगत, विधायक विक्की पटेल, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, संभागायुक्त अभय वर्मा, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक क्लिक में बूथ पदाधिकारियों की कुंडली स्क्रीन पर

# मप्र भाजपा 65 हजार बूथ दिल्ली तक हाईटेक

## नड्डा ने की तारीफ, वीडी की मेहनत लाई रंग

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**





मप्र भाजपा के 65 हजार 15 बूथ दिल्ली तक हाईटेक हो गए हैं। प्रत्येक बूथ पर काम करने वाले एक अध्यक्ष और 11 अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का डेटा एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाएगा। बूथों का डिजिटलाइजेशन करने के बाद ऐसा संभव हो पाया है। इन प्रत्येक बूथों का लेखा–जोखा ठीक उसी तरह है जिस तरह किसी बैंक या अन्य संस्थानों का इन दिनों ऑनलाइन है। डेटा को देखने का एक्सेस प्रमुख पदाधिकारियों के पास दे दिया है। अब किसी बूथ् तक पहुंचने के लिए प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व को किसी और का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा, बल्कि कमांड देते ही सब सेकंड में उपलब्ध हो जाएगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा के नेतृत्व में किए गए इस काम की तारीफ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने की है। प्रदेश भाजपा की ओर से बताया गया कि प्रत्येक बूथ, उसके कार्यालय का पता, उसकी भौगोलिक स्थिति, उसके पदाधिकारियों में से प्रत्येक के नाम, नंबर, पता, ई-मेल एड्रेस आदि डिजिटल माध्यम पर पंजीकृत किए हैं। भाजपा संगठन एप में भी इन बूथों व उनके पदाधिकारियों को दर्ज किया है, ताकि संवाद स्थापित करने में आसानी हो। संगठन पर्व के तहत यह काम समय सीमा के अंदर पूरा किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मीडिया को दिए बयान में कहा है कि बूथों के चुनाव और उन्हें डिजिटल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत की है।

### मंडल और जिलाध्यक्ष के चुनाव में पर्यवेक्षकों की निगरानी

**भोपाल.** भाजपा में संगठन चुनाव की प्रक्रिया जारी है। मंडल और जिला अध्यक्षों के चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। इसके बाद से नेता सक्रिय हो गए हैं। वे चाहते हैं कि उनकी पसंद के मंडल और जिला अध्यक्ष बनें, ताकि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि मजबूत बनी रहे। इधर, चुनाव निष्पक्ष कराने में जुटे संगठन के प्रमुखों को इस बात का अहसास हो चुका है। इसके बाद पसंद के मंडल और जिला अध्यक्ष बनवाने में जुटे नेताओं पर वरिष्ठ और अनुभव रखने वाले पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर लगाम कस दी है। अलग से निगरानी तंत्र भी विकसित किया है, जो गोपनीय रिपोर्टतैयार कर संभावित गड़बड़ियों पर नजर रखेगा।

## दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण में मप्र अग्रणी राज्य बना



**भोपाल।** विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा है कि दिव्यांगजन के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति समाज को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर हम न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान करते हैं, बल्कि उनके सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने और उनके लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। कुशवाहा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए कई प्रभावी योजनाएं और कार्यक्रम लागू किए हैं, जो उनकी कार्यक्षमता और जीवन-स्तर को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाला अग्रणी राज्य है। वर्ष 2011 की जनगणना में 15 लाख 51 हजार से अधिक दिव्यांगजन का चिन्हांकन किया गया था। दिव्यांगजन की 21 श्रेणियों को इसमें सम्मिलित किया गया है। राज्य सरकार का मानना है कि दिव्यांगजन में प्रतिभा की कमी नहीं होती है, जरूरत उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराने की है।मध्यप्रदेश के परिक्षेत्र में हम देखें तो पायेंगे कि इस वर्ग के लोगों को यूनिक आईडी कार्ड बनाने का कार्य संवेदनशीलता के साथ किया जा रहा। भारत सरकार ने इस वर्ष 2023-24 में 6.60 लाख कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया था। प्रदेश 8 लाख 85 हजार कार्ड तैयार कर देश में द्वितीय स्थान पर है। इसी प्रकार सुगम्य भारत अभियान के तहत प्रदेश के दिव्यांगजन को शासकीय कार्यालयों में आने जाने में कठिनाई का सामना न करना पड़े इसके लिए सुगम्य भारत अभियान को बाधा रहित वातावरण निर्माण के लिये भारत सरकार द्वारा 2023 का सर्वश्रेष्ठ राज्य का राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के उद्देश्य दिव्यांगजन को मुख्यधारा से जोड़ने के लिये अनेक अभियान एक साथ चलाए जा रहे है।

**एडीआईपी योजना :** केन्द्र सरकार की एलिम्को संस्था के माध्यम से संचालित एडिप योजना के तहत राज्य में वर्ष 2023–24 और 2024–25 में 37,224 दिव्यांगजन को 49.26 करोड़ रुपये मूल्य के सहायक उपकरण वितरित किए गए। वर्ष 2024–25 में 14 जिलों में उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 3,228 हितग्राहियों को 546.85 लाख रुपये मूल्य के कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

**नि :शक्त विवाह प्रोत्साहन योजना :** इस योजना के तहत पात्र दिव्यांग दंपत्तियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। दो साल में अब तक 1,200 दंपत्तियों को लाभान्वित किया गया। योजना शुरू होने से अब तक 17,095 दंपत्तियों को सहायता मिली है।दिव्यांग छात्रों को उच्च शिक्षा में प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना लागू की गई है। योजना के तहत, छात्रों को लेपटॉप और बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दी जाती है। वर्ष 2024–25 में 70 छात्रों और 2023–24 में 537 छात्रों को लाभ मिला है। इस, दिव्यांग दिवस पर पात्र छात्रों को ये उपकरण वितरित किए जाएंगे।

## प्रदेश में राष्ट्रीय सर्वेक्षण आज

**भोपाल.** प्रदेश में चार दिसंबर को चयनित सैपल शालाओं में कक्षा-3, 6 और 9 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण की रिपोर्ट का केंद्र सरकार द्वारा नीति निर्धारण में उपयोग किया जाएगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने सर्वेक्षणकार्य में पारदर्शिता रखे जाने के निर्देश मैदानी अमले को दिए हैं।


मध्यप्रदेश सरकार बनी श्रमिकों का संबल

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

10,236 श्रमिक परिवारों को ₹225 करोड़ की अनुग्रह राशि का अंतरण

4 दिसम्बर, 2024 | मंत्रालय, भोपाल



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

संबल योजना में अब गिग वर्कर्स भी शामिल

- संबल योजना में 1 करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिक भाई-बहन पंजीयन करा चुके हैं।
- अब तक कुल 6 लाख 16 हजार से अधिक प्रकरणों में ₹5 हजार 626 करोड़ से अधिक का हितलाभ वितरण किया गया है।
- पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर ₹2 लाख, दुर्घटना मृत्यु पर ₹4 लाख की अनुग्रह सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक की स्थायी अपंगता पर ₹2 लाख, आंशिक स्थायी अपंगता पर ₹1 लाख की सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर ₹5 हजार की अंत्येष्टी सहायता।
- सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है।
- संबल हितग्राहियों को रियायती दरों पर राशन की सुविधा।
- संबल हितग्राहियों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत महाविद्यालय (मेडिकल, विधि, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक आदि) में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।
- पंजीकृत महिला श्रमिक व पुरुष श्रमिक की पत्नी को प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत कुल 16 हजार की राशि की सहायता।

D11108/24



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## संपादकीय

# अपनी फिक्र, बाकी चिंतित

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप डॉनल्ड ट्रंप को एक महीने बाद अपनी पारी की शुरूआत करना है लेकिन वे अभी से पारी की औपचारिक शुरुआत करने से पहले ही जिस तरह की धमकी भरी घोषणाओं से सनसनी फैलाने में लगे हैं वे काफी गूंज पैदा कर रही हैं। उनकी ताजा घोषणा ब्रिक्स देशों के नाम जारी की गई इस धमकी के रूप में आई है कि अगर इन देशों ने अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में उसका कोई विकल्प लाने का प्रयास किया तो उन्हें अमेरिकी बाजार से हाथ धोना पड़ सकता है। गौरतलब है कि ब्रिक्स में रूस और चीन जैसे फिलहाल अमेरिका विरोधी माने जाने वाले देश ही नहीं भारत, ब्राजील और साउथ अफ्रीका के साथ ही अब इजिप्ट, ईरान और यूएई भी हैं। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स देशों के अक्टूबर में हुए शिखर सम्मेलन का जवाब माना जा रहा है, जिसमें नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई थी। हालांकि सम्मेलन के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने साफ कर दिया था कि सिस्टम सोसाइटी फॉर वर्ल्डवाइड इंटरबैंक फाइनेंशल टेलिकम्युनिकेशन जैसी वित्तीय संरचना का विकल्प खड़ा करने की दिशा में अब तक ठोस कुछ नहीं किया गया है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि ब्रिक्स को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जिससे उसकी छवि ऐसी बने कि वह वैश्विक संस्थानों की जगह लेना चाहता है। इसके बावजूद अगर ट्रंप इतने आशंकित हैं कि ब्रिक्स देशों से डॉलर का विकल्प खड़ा न करने की गारंटी मांग रहे हैं तो वह अकारण नहीं है। सच यह है कि समय-समय पर कई देशों ने नॉन-डॉलर ट्रांजेक्शन की गुंजाइश तलाशने का प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रयास किया है। खासकर, अमेरिका ने जिस तरह से 2012 में ईरान और इसके बाद रूस को स्विफ्ट से बाहर करके अंतरराष्ट्रीय वित्तीय लेन-देन की इस व्यवस्था पर अपना दबदबा साबित किया, उसके बाद ऐसे प्रयासों की जरूरत ज्यादा महसूस की जाने लगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या डॉनल्ड ट्रंप की यह धमकी सौदेबाजी के मकसद से दी गई है या वह बीस जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद सचमुच इस पर अमल करने वाले हैं। विशेषज्ञों की राय इस पर बंटी हुई है, लेकिन इतना तय है कि यह काम ट्रंप के लिए आसान नहीं साबित होने वाला है। अगर वह अपनी इस घोषणा को अमली जामा पहनाने पर अड़े रहे तो संभव है कि फायदे के बदले अमेरिकी अर्थव्यवस्था का और नुकसान करा बैठें। जहां तक अमेरिका में बदल रही परिस्थितियों को लेकर भारत के रुख का सवाल है तो उसे इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा। यह सही है कि डॉलर के बजाय अपनी करेंसी में द्विपक्षीय लेनदेन की गुंजाइश बनाए रखना और जरूरत के मुताबिक उसका इस्तेमाल करना भारत के हक में है, लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि डॉलर के दबदबे में कमी आने का मतलब प्रकारांतर से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में चीन का प्रभाव अप्रत्याशित रूप से बढ़ाने वाला मोड भी बन सकती है।लिहाजा भारत के रुख पर निश्चित ही ट्रंप की भी नजरें होंगी। वैसे भी वे जीतने के बाद कुछ ऐसी घोषणा कर चुके हैं जो भारत के लिये भी दुविधा का कारण बन सकती है। दूसरी बार जीतकर आए ट्रंप जिस विश्वास से भरे हुए हैं तथा जिन लोगों को साथ लेकर वे अपनी टीम गढ़ रहे हैं, यह भारत ही नहीं कई देशों के लिए बहुत गौरतलब हो चला है।

**जब तक शत्रु की दुर्बलता का पता न चल जाए, तब तक उसे मित्रता की दृष्टि से देखना चाहिए।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1791: दुनिया का पहला रविवार का अखबार द ऑब्जर्वर लंदन में प्रकाशित हुआ।
- 1796: बाजीराव द्वितीय पेशवा नियुक्त हुए।
- 1829: वायसराय लार्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा समाप्त की।
- 1833: आर्थर तप्पान ने फिलाडेल्फिया में अमेरिकी एंटी-स्लेवरी सोसाइटी गठित की।
- 1859: मेकटेब-ए मुल्कियाय स्कूल ओटोमन साम्राज्य में स्थापित किया गया।
- 1860: गोवा में मारगाव के निवासी अगस्टिनो लॉरेंसो ने पेरिस विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि ली। वह विदेशी विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि पाने वाले पहले भारतीय थे।
- 1881: लॉस एंजिल्स टाइम्स का पहला संस्करण प्रकाशित।
- 1952: इंग्लैंड में कोहरे की घनी परत छाने के कारण हजारों लोगों की मौत।
- 1959: भारत और नेपाल के बीच गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर।
- 1967:भारत के पहले रॉकेट रोहिणी आरएच 75 का थुम्बा से प्रक्षेपण किया गया।
- 1996: अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान मार्स पाथफाउंडर प्रक्षेपित किया।

## निशाना

### बार बार अपमान !



-कृष्णेन्द्र राय

**बड़ी बड़ी बातें।**
**करते ग़लत प्रहार।।**
**हैं अभी तक वहीं पर।**
**ना बदला व्यवहार।।**
**कैसे कोई सौंप दे।**
**इनको फिर कमान।।**
**कर रहे बुजुर्गों का।**
**बार बार अपमान।।**
**समय विनाश काल है।**
**है बुद्धि विपरीत।।**
**लगता लगभग भूल चुके।**
**अपना वो अतीत।।**
**कोई पाठशाला भी।**
**ना लाई बदलाव।।**
**होकर के लाचार वो।**
**छोड़ रहे प्रभाव।।**

# राजनीतिक विरासत को समृद्ध करती प्रिंयका की जीत

■ ज्योति मल्होत्रा

पिछले सप्ताह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी में छाई गहरी खामोशी आपको बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी भाजपा देश भर में सत्ता क्यों कायम रखे हुए हैं। एक शब्द में कहें तो ऐसा इसलिए क्योंकि कांग्रेस उन्हें इसके लिए सक्षम बनाती है। बीते शुक्रवार को राजधानी में हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में द ट्रिब्यून के फोटोग्राफर मुकेश अग्रवाल द्वारा खींची गई तस्वीरें जाने-अनजाने में इस पुरानी पार्टी के मौजूदा हालात को बखूबी दर्शाती हैं। एक तस्वीर में बुजुर्ग अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने खास अंदाज में मफलर लपेटे हुए, अपने कनिष्ठ सहयोगी राहुल गांधी को - जिन्होंने चिरपरिचित सफेद टी-शर्ट पहनी हुई है -कागज का एक टुकड़ा दिखाते प्रतीत हो रहे हैं, जबकि होना इससे उलट चाहिए था।

पिछले छह-सात दिनों से खूब खबरें चली कि महाराष्ट्र के महायुति गठबंधन के भीतर इस मुद्दे पर खींचतान और दबाव बना हुआ है कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, देवेंद्र फडणवीस या एकनाथ शिंदे। इसके विपरीत, कांग्रेस फिर से करवट लेकर सोने चली गई लगती है। एमवीए गठबंधन से उद्धव ठाकरे द्वारा किनारा करने की चर्चा राज्य में हो रही है, लेकिन गठबंधन के घटकों के बीच दरार और मनमुटाव का शोर वास्तव में चुनाव परिणाम आने से पहले ही मचना शुरू हो गया था - जब वे इस मुद्दे पर बहस करने लगे थे कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा? निश्चित रूप से, यह एक अनूठी स्थिति है। कांग्रेस और राहुल गांधी नियमित रूप से भाजपा पर मोदी की छवि बतौर देवतुल्य व्यक्ति पेश करने का आरोप लगाते हैं - खुद प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव से पहले वाराणसी में एक चैनल को दिए साक्षात्कार में इस तथ्य को स्वीकार किया था, जब उन्होंने कहा- 'मुझे यकीन है कि भगवान ने (मुझे) भेजा है, क्योंकि इतनी ऊर्जा मेरे जैविक शरीर में तो नहीं हो सकती थी'। लेकिन तथ्य यह है कि भले ही कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारती जा रही है - झारखंड नियम की बजाय अपवाद है - फिर भी उसने अपने अंदर झांकने से आंखें मूंद रखी हैं।

आश्चर्यजनक तथ्य यह बना हुआ है कि हार के पीछे राहुल गांधी पर सीधे-सीधे अंगुली उठाने से कांग्रेस पार्टी बचती है और यह बात मोदी और भाजपा को राज्य-दर-राज्य खुद को मजबूत करने का मौका प्रदान करती है। जब पिछली गर्मियों में भाजपा संसद में अपना खुद का पूर्ण बहुमत नहीं ले पाई थी, तो उसने बारीकी से जांच की कि गलती कहां रही, जिसमें यह भी शामिल था कि आरएसएस ने मदद क्यों नहीं की। इसके बाद हरियाणा और महाराष्ट्र में हुए चुनावों में भूल से सबक लेना सुनिश्चित किया गया - इसलिए हरियाणा में प्रत्येक विधानसभा सीट पर



माइक्रो मैनेजमेंट की गयी और अति आत्मविश्वासी बनी कांग्रेस के पैरों तले से जमीन खींच ली और महाराष्ट्र में 'लाड़ली-बहना' जैसी योजनाओं की बदौलत जीत हासिल की, जो महिलाओं के बैंक खाते में सीधे पैसे डालने की गारंटी देती है। इसके विपरीत, कांग्रेस ईवीएम को दोष देने में लगी रही और अपनी विफलता के पीछे 'बड़े पैमाने पर धांधली' को जिम्मेदार ठहराया। तमाम अच्छे नेताओं की तरह विफलता को स्वीकार करने के बजाय राहुल वायनाड से अपनी करिश्माई बहन की जीत मनाने में अगुवाई करते नज़र आए - दृश्य मनोहारी था,खासकर जब वह युवा महिला पारंपरिक केरल कसावु साड़ी में संसद में शपथ लेने पहुंची और त्रुटिहीन हिंदी में सांसद के रूप में सौगंध उठाई। लेकिन अब वास्तविक दृश्य देखिये। सदन में अब तीन गांधी हैं- राज्यसभा में मां सोनिया तो लोकसभा में उनके बच्चे राहुल और प्रियंका, राहुल उत्तर प्रदेश के दिल रायबरेली से सांसद, तो प्रियंका दक्षिण भारत के खूबसूरत पहाड़ी जिले वायनाड से। लेकिन यहां कोई मुगालता न रहे, इस जीत से पारिवारिक जागीर रूपी कांग्रेस पर गांधियों की पकड़ अब और भी मजबूत हो गई है।

वंशवाद विरोधी आवाज़ें उठना भारतीय राजनीति में अब लंबे समय से बंद हो चुकी हैं- आज न केवल कांग्रेस बल्कि हर राजनीतिक दल,नेता-नेत्रियों के बेटे-बेटियों से भरा पड़ा है, जो कथित तौर पर अच्छाई की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके पीछे वे कौन से तर्क देंगे, उनसे अब हम सब अच्छी तरह वाकिफ हैं। भारत के लोग इतने अक्लमंद हैं कि अगर आप उनके लिए पर्याप्त मेहनत नहीं करते तो वे आपको अपना नेता स्वीकार नहीं करेंगे, भले ही आपकी बपौती कितनी भी बनती हो। वंशवाद का आरोप अब कांग्रेस की समस्या नहीं रही। यह तथ्य है कि गांधी परिवार ने एक 'मुखौटे' पर जोर देना जारी रखा हुआ है, मुखौटा पहने उस आदमी की डोर पीछे से इस परिवार के हाथ में है। बतौर सांसद अपनी पदोन्नति के साथ, प्रियंका कठपुतली चलाने वालों की श्रेणी में शामिल हो गई हैं। उनकी मां, एक असाधारण महिला, जिन्होंने साल 1991 की गर्मियों में अपने पति की दुखद और जघन्य हत्या के बाद बनी परिस्थिति में कांग्रेस के कुनबे को एकजुट बनाए रखा और मनमोहन सिंह के उल्लेखनीय नेतृत्व में कांग्रेस 10 साल सत्ता में रही। वे अब सार्वजनिक जीवन से दूर हो गई हैं, उनकी बेटी ने आगे आकर मोर्चा संभाला है।

यह अप्रासंगिक है कि कमान किसके हाथ में दी गई है, सोनिया के बेटे को या बेटी को। सदन में बतौर नए गांधी, प्रियंका की अतुलनीय चुंबकीय उपस्थिति पर्याप्त चेतावनी है कि गांधियों को हलके में लेना आसान न होगा। यही कारण है कि प्रियंका का इतना महत्व है। वे पार्टी में जोश भरने और राजनीति में हलचल मचाने का माद्दा रखती हैं। तय है जब वे संसद में बोलेंगी तो माहौल में बिजली अवश्य दौड़ जाएगी। हालांकि, इस बात की गुंजाइश कम है कि कांग्रेस की डोलती नैया को वे पार लगा पाएंगी, क्योंकि पतवार भाई के हाथ में है। इसका मतलब यह है कि राहुल के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने महाराष्ट्र और हरियाणा, दोनों जगह, गठबंधन को मिली वोटों का हिस्सा घटाया है। या फिर भाई-बहन की जोड़ी इंडिया गठबंधन में पड़ी दरार को लेकर सहज है - जैसा कि तृणमूल कांग्रेस ने अनुरोध किया है कि संसद को इस शीतकालीन सत्र में काम करने दिया जाए - बजाय इसके कि अडानी मुद्दे पर राहुल अड़े रहें। सब ठीक होता यदि कांग्रेस कुछ राज्यों में जीत जाती - आखिरकार, हर कोई विजेता को पसंद करता है। लेकिन जब पार्टी लगातार हार रही हो, तो सवाल यह पैदा होता है कि गांधी परिवार इतना खास क्यों है कि उसे चुनौती नहीं दी जा सकती - जैसा कि जी-23 ने एक बार सोचकर प्रयास किया, लेकिन बात बनी नहीं - इसका जवाब अभी भी ठीक से नहीं मिल पाया।

निश्चित रूप से, इस घटनाक्रम से मोदी से ज्यादा कोई और खुश नहीं होगा। वे जानते हैं कि जब वे पार्टी के अंदर लोकतंत्र की कमी के लिए कांग्रेस पर तंज कसते हैं, तो लाखों भारतीयों के दिलों को छूते हैं। वे जानते हैं, और देश भी जानता है, कि 'इंडिया इज़ इंदिरा' के दिन बहुत पहले लद चुके हैं। और यदि गांधी परिवार जिम्मेदारी लेने से इनकार करता है, तो यह पुरानी और बड़ी पार्टी धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। एक समय,पुराने अच्छे दिनों में, प्रियंका को कांग्रेस पार्टी का 'ब्रह्मास्त्र' कहा जाता था। सवाल यह है कि क्या ऐसा हथियार आज की राजनीति में कुछ कर दिखाएगा।

**(साभार : लेखिका 'द ट्रिब्यून' की प्रधान संपादक हैं।)**

# 'हसीना को वापस लाने की तैयारी', छात्र लीग के नेता जान की बाज़ी लगाकर छिपे

■ दीप हलदर

जब बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना 5 अगस्त को एक सैन्य हेलीकॉप्टर से भारत भाग गईं, तो उनकी पार्टी अवामी लीग के छात्र विंग के 50 लाख युवा महिला-पुरुष, नेता और कार्यकर्ता अपने ही देश में बाहरी हो गए। हसीना की पार्टी और उसके छात्र विंग छात्र लीग के खिलाफ लोगों में इतना गुस्सा था कि लीग के पूर्व महासचिव इशाक अली खान पन्ना जैसे कुछ लोग भागने की कोशिश करते हुए मारे गए, जबकि लीग की जहांगीरनगर यूनिवर्सिटी इकाई के पूर्व ऑर्गनाइजिंग सचिव शमीम अहमद जैसे अन्य लोगों को पीट-पीटकर मार डाला गया। हाल ही में 11 नवंबर को दो अलग-अलग अदालतों ने छात्र लीग के 55 नेताओं और कार्यकर्ताओं को जेल भेज दिया. छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने एक अज्ञात स्थान से दिप्रिंट को दिए वीडियो इंटरव्यू में बताया, लेकिन हमारे साथ सबसे बड़ा अन्याय तब हुआ जब यूनुस शासन ने हमें आतंकवादी संगठन करार दिया और हम पर प्रतिबंध लगा दिया. हुसैन ने कहा, छात्र लीग से 50 लाख से ज़्यादा नेता और कार्यकर्ता जुड़े हुए हैं. लीग के कैडर के तौर पर 15 साल तक युवाओं के आइकन रहे हम पर रातों-रात आतंकवादी का ठप्पा लगा दिया गया.छात्र लीग को एक आतंकवादी संगठन करार देते हुए 25 अक्टूबर को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया, पर्याप्त सबूत हैं जो दर्शाते हैं कि छात्र संगठन अवामी लीग सरकार के पतन के बाद भी राज्य के खिलाफ षड्यंत्रकारी, विनाशकारी और उत्तेजक गतिविधियों में संलग्न रहा है।हुसैन ने कहा कि केवल छात्र लीग से सीधे जुड़े लोग ही नहीं, बल्कि इसके समर्थकों को भी यूनुस प्रशासन द्वारा निशाना बनाया जा रहा है. अवामी लीग या छात्र लीग का समर्थन करना बांग्लादेश के नागरिक के रूप में एक लोकतांत्रिक अधिकार है, जैसा कि उनका विरोध करना है. सद्दाम का दावा है कि 5 अगस्त के बाद अवामी लीग या छात्र लीग का समर्थन करने वाले 500 से अधिक मेडिकल छात्रों के सर्टिफिकेट रद्द कर दिए गए हैं. कई छात्रों की इंटर्नशिप रद्द कर दी गई, जबकि अन्य को अपनी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी गई. सद्दाम ने आरोप लगाया, जो छात्र किसी भी रूप में हमारा समर्थन करते हैं, उन पर मुकदमा चलाया गया है, उन्हें गैरकानूनी तरीके से जेल में डाला गया और यूनिवर्सिटी के अधिकारी और अंतरिम सरकार उनकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी नहीं ले रही है.

राजनीतिक पत्रकार शाहिदुल हसन खोकन ने बताया कि बांग्लादेश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक इतिहास में किसी छात्र संगठन के खिलाफ इस तरह की धरपकड़ पहले कभी नहीं हुई. उन्होंने कहा, देश ने खूनी स्वतंत्रता संग्राम, अपने संस्थापक की राजनीतिक हत्या, सैन्य अधिग्रहण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नहीं देखे हैं, लेकिन इससे पहले कभी किसी छात्र संगठन को इस तरह से निशाना नहीं बनाया गया.खोकन ने कहा कि यह विडंबना है कि बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी और उसके छात्र संगठन छात्र कैंप, यूनुस के बांग्लादेश में खुलेआम घूम रहे हैं और सत्ता हासिल कर रहे हैं, जबकि लीग एक प्रतिबंधित संगठन बन गया है. खोकन ने कहा, हसीना ने जमात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो बांग्लादेश के स्थापित होने के खिलाफ थी और जिसने विद्रोह में उठे पूर्वी पाकिस्तानी लोगों को प्रताड़ित करने और मारने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान की सेना का साथ दिया था. वह खुले तौर पर शरिया कानून की वकालत करते हैं और आज बांग्लादेश में वह सभी शक्तिशाली हो गए हैं. यह लोकतंत्र का मज़ाक है.हुसैन का दावा है कि बांग्लादेश धीरे-धीरे यह महसूस कर रहा है कि सरकारी नौकरियों में कोटा के खिलाफ छात्र आंदोलन, जो अंततः हसीना को बाहर करने के लिए एक जन आंदोलन बन गया था, जमात और उसके छात्र संगठन द्वारा घुसपैठ की गई थी. उन्होंने कहा, मुझे बताइए, क्या आपने किसी छात्र आंदोलन में छात्रों को पुलिसकर्मियों की हत्या करते, उन्हें नंगा करते और उनके शवों को पुलों से लटकाते सुना है? और वह भी इतनी बड़ी संख्या में! आरक्षण विरोध आंदोलन को शुरू से ही हाईजैक कर लिया गया था. धीरे-धीरे देश को यह एहसास हो रहा है.



छात्र लीग के एक संगठन सचिव ने नाम न बताने की शर्त पर दिप्रिंट को फोन पर बताया कि वे छिप गए हैं और उनके पिता को शिबिर के सदस्यों ने सड़कों पर पीटा था. खान ने कहा, उन्होंने धमकी दी कि अगर उन्होंने मेरे छिपने की जगह नहीं बताई तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे. हसीना के जाने के बाद से मेरी छोटी बहन कॉलेज नहीं जा पाई है और वे लीग का हिस्सा भी नहीं है. क्या यह वे देश है जो छात्रों की क्रांति से आया है?खान के अनुसार, अक्टूबर से ही छात्र समूह एक-दूसरे से लगातार भिड़ रहे हैं. 25 नवंबर को, एक दर्जन से ज़्यादा कॉलेजों के छात्रों ने ओल्ड ढाका में सरकारी शहीद सुहरावर्दी कॉलेज पर हमला किया. डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, छात्रों के दो समूहों ने एक-दूसरे पर ईंटें फेंकी, जिसमें कम से कम 30 लोग घायल हो गए। 26 अगस्त को ढाका में कम से कम 50 लोग घायल हो गए, जब नौकरी नियमितीकरण के लिए विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों और सैकड़ों अर्धसैनिक बलों के जवानों के बीच झड़प हुई.हुसैन ने कहा, भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन द्वारा समर्थित यूनुस की अंतरिम सरकार ने बांग्लादेश के लिए एक नई शुरुआत का वादा किया था. इसके बजाय, हमारे पास सड़कों पर अराजकता है। छात्र लीग, जिसे पहले ईस्ट पाकिस्तान स्टूडेंट लीग के नाम से जाना जाता था, की स्थापना शेख हसीना के पिता मुजीबुर रहमान ने 4 जनवरी 1948 को ढाका विश्वविद्यालय के फजलुल हक मुस्लिम हॉल में की थी. खालिक नवाज़ खान संस्थापक महासचिव थे और नईमुद्दीन अहमद पहले संयोजक थे. हालांकि, लीग ने 1952 के बंगाली भाषा आंदोलन के साथ-साथ 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन हसीना के कार्यकाल के दौरान इसे काफी विवादों का सामना करना पड़ा.

22-वर्षीय छात्र अबरार फहद को अक्टूबर 2019 में ढाका में लीग के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला गया था क्योंकि उसने फेसबुक पोस्ट में सरकार की आलोचना की थी. घटना ने बांग्लादेश में एक बड़े विवाद को जन्म दिया।बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एक छात्र ने बताया, न केवल अपने विरोधियों के खिलाफ हिंसा, बल्कि लीग के नेता सेक्स रैकेट, जबरन वसूली और बलात्कार के आरोपों में भी शामिल रहे हैं. पाल ने कहा, इसके अलावा, आज उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ एकजुटता व्यक्त करते देखना कुछ हद तक विडंबनापूर्ण है. प्रधानमंत्री के रूप में हसीना के समय, कई लीग नेताओं ने अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित होने के कारण परिसरों के अंदर छात्रों को परेशान किया था.हुसैन ने कहा कि इतना बड़ा छात्र संगठन कुछ विवादों में फंसना तय है, भले ही वह कितने भी दुर्भाग्यपूर्ण क्यों न हों. हुसैन ने कहा, 2008 से पहले, छात्र संगठनों के बीच हिंसक झड़पों के कारण यूनिवर्सिटी महीनों तक बंद रहती थी. पिछले 15 साल में शैक्षणिक संस्थान ऐसे कारणों से कभी बंद नहीं हुए. अवामी लीग सरकार और छात्र लीग ने शैक्षणिक संस्थानों में सामान्य स्थिति सुनिश्चित की.नदीम खान के अनुसार, लीग के लाखों सदस्यों के लिए एकमात्र चीज़ जो मायने रखती है, वह है शेख हसीना को प्रधानमंत्री के रूप में देश में वापस लाना. खान ने कहा, शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार ने लगातार राष्ट्रीय चुनाव जीते हैं, और लोगों के वोट से सत्ता में बनी हुई है. हसीना के सत्ता में रहने के दौरान विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय चुनावों में भाग लिया. यूनुस की सरकार एक अनिर्वाचित सरकार है और उसके पास लोगों का जनादेश नहीं है. यह सत्ता में कैसे रह सकती है? हुसैन ने कहा कि लीग के छिपे हुए नेता हसीना को वापस लाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने की योजना बना रहे हैं. उन्होंने कहा, जब हम बाहर निकल कर आते हैं, तो हमें गिरफ्तार कर लिया जाता है या मार दिया जाता है, लेकिन अब हालात बदलने लगे हैं. यूनुस ने बांग्लादेश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दिया है जो इसे पूर्वी पाकिस्तान के दिनों में वापस ले जा रहे हैं जब अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता था और देश के बारे में इस्लामवादी विचार लागू किया जाता था. आम लोग चार महीने में यूनुस सरकार से तंग आ चुके हैं जो हमें 1971 के हमारे स्वतंत्रता इतिहास से भी वंचित कर रही है.हुसैन के अनुसार, बांग्लादेश का नागरिक समाज यूनुस प्रशासन द्वारा पाकिस्तान के साथ घनिष्ठता को पसंद नहीं कर रहा है, एक ऐसा देश जिससे बांग्लादेश ने अपनी स्वतंत्रता छीन ली थी.

5 सितंबर को अंतरिम सरकार के प्रसारण और आईटी मंत्री नाहिद इस्लाम ने ढाका में पाकिस्तानी दूत के साथ एक बैठक के दौरान कहा कि बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ 1971 के मुक्ति संग्राम के मुद्दे को सुलझाना चाहता है और एक लोकतांत्रिक दक्षिण एशिया सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करना चाहता है. हुसैन ने कहा, 1971 में पश्चिमी पाकिस्तानी सेना ने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तानी आबादी पर अकल्पनीय अत्याचार किए थे. पाकिस्तान के साथ घनिष्ठता सचमुच आखिरी तिनका है. छात्र लीग हसीना को प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश वापस लाने के लिए जल्द ही एक बड़े पैमाने पर ऑनलाइन अभियान शुरू करेगी और, इंशाअल्लाह, इसे पूरे देश का समर्थन मिलेगा.हुसैन ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ ग्राउंड लेवल के कार्यकर्ता भी स्वस्थ हो रहे हैं और सदस्यों के बीच राष्ट्रव्यापी संपर्क फिर से स्थापित कर रहे हैं. उन्होंने कहा, हम बांग्लादेश के उस विचार के लिए लड़ने के लिए कमर कस रहे हैं जिसे यूनुस बदलने की कोशिश कर रहे हैं.

हुसैन ने कहा कि यह आसान लड़ाई नहीं होगी. उन्होंने कहा, सरकार के दबाव के कारण मेरा इंटरव्यू किसी मीडिया आउटलेट ने नहीं छापा. मीडिया को अवामी लीग और छात्र लीग की किसी भी गतिविधि की रिपोर्ट न करने का निर्देश दिया गया है. यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल इस्लाम ने कहा है कि अवामी लीग और छात्र लीग को किसी भी राजनीतिक गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी. कानून प्रवर्तन एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि अगर हम जुलूस निकालते हैं या इकट्ठा होते हैं तो हमारे कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करें और जेल में डालें। लेकिन हम हार न मानेंगे।

**(साभार दि प्रिंट)**

# विश्व दिव्यांग दिवस पर विधिक सहायता शिविर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित, कानूनी सेवाओं, योजनाओं के बारे में विस्तार से दी जानकारी

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में एवं शशि सिंह, सचिव / जिला न्यायाधीश के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा सामाजिक न्याय विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग विद्यालयों/छात्रावासों को संचालित करने वाले एन जी ओं के समन्वय से जिले के एसएनजी स्कूल के ग्राउण्ड में विश्व दिव्यांगजन दिवस के उपलक्ष्य में वृहद विधिक साक्षरता शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा रांगोली खेलकूद, दौड़ एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

उक्त कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शशि सिंह, द्वारा नालसा द्वारा माह सिंतबर 2024 में दिव्यांगजन हेतु तैयार की गई नालसा की मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवायें योजना 2024 के बारे में विस्तार से बताते हुये कहा कि नालसा की मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवायें योजना 2024 नालसा की पिछ्ली योजना को अद्यतन और संशोधित करती है और कानूनी सेवा संस्थानों के अधिदेश को विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 और 2019 के तहत विधायी प्रावधानों के साथ संरेखित करने का प्रयास करती है। श्रीमती सिंह द्वारा बताया गया कि दिव्यांग व्यक्ति को भी सामान्य नागरिक की भांति संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार प्रदत्त है, संविधान के अनुच्छेद 15 ( 2 ) के अंतर्गत दिव्यांगों को सार्वजनिक वस्तुओं की पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकेगा और उन्हें समान अवसर का अधिकार है। श्रीमती सिंह द्वारा यह भी बताया गया कि मानसिक बीमारी से पीडित हर व्यक्ति का यह अधिकार है कि उनकी मानसिक बीमारी ओर उपचार से संबंधित विवरण गोपनीयता के तहत संरक्षित रहें। ऐसी गोपनीयता डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रूप में संग्रहित जानकारी तक भी विस्तारित है। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित जिला विकंलाग बोर्ड के सदस्यों द्वारा जिले भर से आये हुये सभी दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला विकलांग पुर्नवास केन्द्र द्वारा चिन्हित किये गये दिव्यांगजनों में ग्वालटोली निवासी कैलाश पटेल एवं ग्राम मांडली निवासी मूलचंद को ट्रायसिकल एवं वैशाखी, तहसील सोहागपुर निवासी बसंत शाह को व्हीलचेयर एवं श्रीमती कांति टेकाम एवं छोटेलाल को वैशाखी प्रदान की गई।



## कलेक्टर के फर्जी सील साइन से आदिवासी की जमीन की रजिस्ट्री मामले में हुई पहली कार्यवाही

# हल्का पटवारी को किया निलंबित

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर के फर्जी सील साइन से अनुमति बना कर आदिवासी की जमीन की रजिस्ट्री करने का मामला पिछले दिनों सामने आया था पूरे मामले में सब रजिस्ट्रार ने एफआईआर के लिए सिवनी मालवा थाने में आवेदन भी दिया था परन्तु आवेदन जांच में होने के चलते पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। वही पूरे मामले में कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त निर्देश पर एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने हल्का पटवारी नरेन्द्र सोलंकी को निलम्बित कर दिया है।

जारी किये गए आदेश में बताया है की 'उपरोक्त परिस्थितियों अनुसार ग्राम सीरूपुरा की अनुसूचित जनजाति वर्ग के भूमि स्वामियों की भूमि का कूटररित दस्तावेजों के आधार पर हुए विक्रयपत्रों के आधार पर नामांतरण प्रकरण में पटवारी की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण नरेन्द्र सोलंकी पटवारी ग्राम सीरूपुरा को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-09 ( 1 ) (क) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन की अवधि में आपका मुख्यालय कानूनगो शाखा तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

आपको बता दें की उक्त पटवारी को पूरे मामले में दिनांक 28/10/2024 को सूचनापत्र जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे। पटवारी नरेन्द्र सौलंकी द्वारा दिनांक 04/11/2024 को जवाब प्रस्तुत किया गया किंतु जबाव संतोष जनक एवं समाधान कारक नहीं पाया गया जिसके चलते कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने निलम्बन की कार्रवाई की है।




### मामला ऐसे आया था प्रकाश में

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला सिरुपूरा में एक आदिवासी की जमीन को खरीदने के लिए कलेक्टर कार्यालय में परमिशन के लिए फाइल लगी हुई थी लेकिन ठाकुर मोहल्ले में रहने वाले ठाकुर साहब को परमिशन नहीं मिल रही थी इन्होंने फिर अपनी एक राजनैतिक सोर्स से दूसरे जिले के एक सांसद से कलेक्टर साहिबा को फोन लगवाया जब फोन कलेक्टर महोदय के पास आया तो उन्होंने बताया कि आदिवासी की जमीनों को क्रय विक्रय करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई परमिशन नहीं दी गई। जब जिले की उच्च अधिकारियों द्वारा आदिवासियों की जमीन को खरीदने और बेचने के लिए 2 सालों का रिकॉर्ड बुलवाया गया तो तब जाकर इन तीनों क्रेता विक्रेताओं के नाम सामने आया था।

### क्या था पूरा मामला

विकासखंड सिवनी मालवा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सीरुपुरा मैं आदिवासियों की जमीन को नर्मदा पुरम कलेक्टर के फर्जी सील साइन के बिक्री होने का एक मामला सामने आया था। हालांकि यह पूरी कूट रचित रचना मार्च 2023 की बताई जा रही है यह मामला पिछले महीनो से ही सुर्खियों में बना हुआ था मामला बेहद ही गम्भीर होने के कारण उसकी सिलसिले बार तहकीकात की जा रही थी। मध्यप्रदेश शासन नें प्रदेश में आदिवासी वर्ग (अनुसूचित जनजाति) के भूमि स्वामियों की भूमि को गैर आदिवासियों के पक्ष में विक्रय के लिये मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता की धारा 165 में प्रावधान किये हैं, जिसके अंतर्गत आदिवासी भूमि स्वामी को अपनी भूमि गैर आदिवासी को बेचनें के लिये कलेक्टर से विधिवत अनुमति प्राप्त करना होती है एवं कलेक्टर की अनुमति के आधार पर ही पंजीयक के द्वारा आदिवासी वर्ग के भूमि स्वामियों की भूमि को किसी गैर आदिवासी व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाता है। लेकिन सिवनी मालवा तहसील के ग्राम सीरूपुरा में तीन आदिवासी कृषकों की भूमि को गैर आदिवासियों के पक्ष में बिना कलेक्टर की अनुमति के विक्रय कर दिया गया। जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय सिवनी मालवा में हुआ एवं तहसीलदार सिवनी मालवा के न्यायालय से भी क्रेताओं के पक्ष में नामांतरण भी कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिन दस्तावेजों के आधार पर भूमि के विक्रय का पंजीयन एवं नामांतरण हुआ है, वे पूर्णतः फर्जी एवं कूटरचित हैं, तथा फर्जी अनुमति पर कलेक्टर नर्मदापुरम के फर्जी हस्ताक्षर, फर्जी सील और तो और अनुमति के प्रकरण क्रमांक एवं जावक क्रमांक भी फर्जी दर्शाये गये थे। जब ये पूरा मामला कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के संज्ञान में आनें के बाद मामले की तह तक जाने के लिए इतनी बड़ी कूट रचित रचना कौन कर रहा है ? जिस पर कलेक्टर द्वारा इस कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेज तैयार करनें एवं उसके आधार पर भूमि के विक्रय एवं नामांतरण के लिये दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध विधिक आपराधिक कार्यवाही के लिये पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम को लिखा गया उनकी वही उप पंजीयक सिवनी मालवा को भी आपराधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

### यह है जमीन के खरीदार और विक्रेता

1. ग्राम सौरूपुरा, प.ह.नं. 34. तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम में स्थित विक्रित भूमि खसरा नम्बर 12 रकबा 4.465 हेक्टेयर में से रकबा 2.235 हेक्टेयर जिसका भूमिस्वामी पुष्पेन्द्र सिंह बडकुड़ पिता राजेन्द्र सिंह बडकुड, जाति भिलाला (अनुसूचित जनजाति वर्ग), निवासी रेल्वे गेट के पास, बानापुरा, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम है उक्त विक्रेता ने उक्त भूमि में से 2.235 हेक्टेयर भूमि के विक्रय की अनुनति कलेक्टर नर्मदापुरम के न्यायालय से रा.प्र.क्र. 0004/अ-21/वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक 16/02/2023 से प्राप्त कर क्रेता श्रीमति प्रेरणा खण्डेलवाल पत्नी शिखर खण्डेलवाल, निवासी वार्ड नम्बर 05, जैन मंदिर के पास, सिवनी मालवा, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम के पक्ष में दिनांक 15/03/2023 को निष्पादित कर दिनांक 16/03/20223 को पंजीयन हेतु उपपंजीयक कार्यालय सिवनी मालवा में प्रस्तुत किया गया था जिसकी ई-पंजीकरण संख्या एमपी 169802023ए11593338 दिनांक 16/03/2023 है।

2. इसी प्रकार कलेक्टर नर्मदापुरम के न्यायालय से रा.प्र.क्र. 0009/अ-21/वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक 27/03/2023 द्वारा भूमिस्वामी पुष्पेन्द्र सिंह बडकुड पिता राजेन्द्र सिंह बडकुड, जाति भिलाला (अनुसूचित जनजाति वर्ग), निवासी रेल्वे गेट के पास बानापुरा, तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम द्वारा अपने मालिकाना हक की भूमि खसरा नम्बर 12 रकबा 4.465 हेक्टेयर में से रकया 2.230 हेक्टेयर भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त कर दिनांक 31/03/2023 को क्रेता श्रीमति सोनाली खण्डेलवाल पत्नी आनंद खण्डेलवाल, निवासी वार्ड नम्बर 05. जैन मंदिर के पास, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम के पक्ष में विक्रयपत्र दस्तावेज ई-पंजीकरण संख्या एमपी16980 2023 ए11684495 दिनांक 31/03/2023 द्वारा विक्रय पत्र निष्पादित किया गया।

3- भूमि स्वामी श्रीमना बाई बडकुड पत्नि राजेन्द्र सिंह बडकुड निवासी रेल्वे गेट के पास बनापुरा की भूमि खसरा नंबर 38/2 रकबा 3.400 हैक्टर जिसे अनुराग जलखरे पिता नारायण प्रसाद जलखरे निवासी सुभाष वार्ड बनापुरा द्वारा क्रय की जाकर नामांतरणा कराया गया है।

# विधायक के अथक प्रयास से बनने जा रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल



**डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा अस्पताल भवन का निर्माण**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

*सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों सेखुश है. नागरिकों का कहना है कि विजयपाल सिंह विधायक के अथक प्रयासों से नगर सोहागपुर में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन सिविल अस्पताल में हुआ है जिसके लिये संपूर्ण नगरवासियों द्वारा विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह का आभार व्यक्त किया है। ज्ञातव्य हो कि लोक निर्माण विभाग पीआईयू के माध्यम से इस सिविल अस्पताल की तीन मंजिला बिल्डिंग के साथ 50 बिस्तर बेड जिसकी लागत 9 करोड़ 19 लाख रू. से बनेगी। जिसका कार्य मेसर्स वेलजी रत्ना सोराठिया इन्फ्रा प्राईवेट लिमिटेड कच्छ गुजरात के द्वारा 18 माह में पूर्ण किया जायेगा। सोहागपुर नगर में सिविल अस्पताल की मांग काफी लंबे समय से जनता कर रही थी जिसको लेकर विधायक श्री सिंह द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं उपमुख्यंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मिलकर इस अस्पताल का उन्नयन कराया है। अभी तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने से बेड की कमी होती थी जिसके कारण मरीजो को असुविधा होती थी और वेड फुल होने के कारण मरीजो को मजबूरी वश रिफर करना पड़ता था परन्तु अब 50 बिस्तरीय होने से अब यह समस्या नहीं होगी और अत्याधुनिक मशीनों को भी इस अस्पताल में लगाया जायेगा। विधायक विजयपाल सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में कई महत्तवपूर्ण बडे विकास कार्य हुये है जिनका लाभ सीधा आम जनता को मिला है आगे भी सोहागपुर विधानसभा को मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा विकास के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जायेगी और नगर के विकास कार्य भी किये जायेगें। आने वाले समय में माखननगर में भी जो अस्पताल संचालित हो रहा है उसका भी उन्नयन सिविल अस्तपाल में कराया जायेगा। विधायक ने कहा कि केवल विकास ही नहीं लोगों के कल्याण के लिए भी अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। निःशुल्क राशन, निःशुल्क इलाज, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, मातृ वंदना, गाँव की बेटी, गरीबों के प्रतिभावान बच्चों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था, किसान सम्मान निधि जैसी अनेकों योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि योजनाओं से किस तरह लोगों का जीवन अच्छा होता है, इसका उदाहरण है उज्जवला योजना। किसी भी परिवार में माँ जब लकड़ी या कोयले को जलाकर खाना पकाती है, तब वह अपने शरीर के लिए हानिकारक धुएं के दुष्प्रभाव से मुक्त नहीं रहती। आज देश में गरीब परिवार की करोड़ों बहनों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिला है। रियायती दर पर सिलेंडर भी मिल रहा है। मैने आमजन से क्षेत्र के विकास का वादा किया था अब वह पूरा हो रहा है।*

# लघु उद्योग संघ की कार्यकारिणी के चुनाव 27 दिसंबर को संपन्न होंगे



**नर्मदापुरम।** औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित लघु उद्योग संघ की बैठक उद्योगपतियों की उपस्थिति में संपन्न हुई. बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा दौरान सदस्यों ने संवैधानिक तरीके से चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव रखा जिस पर सार्वजनिक निर्णय अनुसार निर्णय लिया गया कि 27 दिसंबर को चुनाव प्रक्रिया संपन्न की जाएगी जिसके तहत 15 दिसंबर से नामांकन लिए जाएंगे जो भी पदाधिकारी अध्यक्ष पद महासचिव पद उपाध्यक्ष पद कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनाव लड़ना चाहे वह अपना नामांकन 15 दिसंबर से 20 दिसंबर के पूर्व समिति के पास प्रस्तुत कर सकता है 27 दिसंबर को ही चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे नो सदस्य की चुनाव समिति बनाई गई जिसके द्वाराचुनाव प्रक्रिया की संपूर्ण करवाई संपादित की जाएगी

निर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल 2 वर्ष के लिए निर्धारित किया गया है उपरांत इसी प्रकार से संवैधानिक चुनाव की प्रक्रिया के तहत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा.

# कार्यशाला में बच्चों को दी गुड टच-बेड टच की जानकारी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



महिला एवं बाल विकास विभाग की नर्मदापुरम शहरी परियोजना में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम शासकीय कन्या शाला जुमेराती में बालकों का लैंगिक अपराध से संरक्षण अधिनियम 2012 पास्को एक्ट की कार्यशाला की गई। जिसमें पर्यवेक्षक आस्था शिवहरे के द्वारा उपस्थित बालिकाओं को बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का यौन उत्पीडन संबंधी कृत्य किया जाता है, तो अपराधी व्यक्ति को अधिकतम मृत्यु दंड एवं कम से कम 20 वर्ष का करवास होगा। बच्चों को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी दी गई । सब इंस्पेक्टर दीपिका लोखंडे के द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि यदि कोई भी उनका शारीरिक रूप से या मौखिक रूप से परेशान करता है, तो उक्त संबंध में बालिका जल्द से जल्द अपने माता-पिता , स्कूल की शिक्षिका , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें या फिर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 नंबर से भी अपराधी व्यक्ति के विषय में जानकारी दे सकते हैं और पास्को एक्ट 2012 के विषय में भी जानकारी दी गई। टीआई हेमलता कुशवाहा के द्वारा भी बालिकाओं को बताया गया कि सभी पुलिस थाने में महिला एवं बच्चियों के लिए ऊर्जा डेस्क बनाई गई हैं। जिससे कि सम्बंधित को अपनी परेशानी को साझा करने में एवं रिपोर्ट लिखवाने में किसी प्रकार की दिक्कत ना हो एवं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यदि कोई महिला या बच्ची पीड़ित है और वहां थाने नहीं आ सकती है तो संपूर्ण सहायता जहां पर वह चाहती है वहां पर जाकर उसकी मदद करेंगे एवं उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सभी बालिकाओं को आत्मनिर्भर भरने का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए। परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाला जुमेरती की प्राचार्या श्रीमति कीर्ति शिवपुरीय, परियोजना अधिकारी प्रीति यादव, पर्यवेक्षक आस्था शिवहरे एवं स्कूल की शिक्षिकाएं एवं महिला थाने की टीआई हेमलता कुशवाह एवं सब इंस्पेक्टर दीपिका लोखंडे एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## हाई स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया



**नर्मदापुरम।** पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल ग्वालटोली में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के शिक्षाविद सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉक्टर एल एल शर्मा , क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अधिकारी श्रीमति निशा चौहान, एसडीओपी पराग सैनी एवं विधायक प्रतिनिधि श्रीमति रजनी यादव व पार्षद नरेंद्र यादव शामिल हुए। इस कार्यकम में अतिथियों ने अपने अनुभवों को साझा किया और छात्रों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथियों द्वारा शाला प्रांगण में पौधरोपण किया। शाला की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति आशा मंडले द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गौ वंश के बचाव के लिए चलाया रेडियम अभियान

**नर्मदापुरम।** माखन नगर विकासखंड के ग्राम गूजरवाड़ा में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति एवं चंचल खंडेलवाल मेकलसुता स्टेशनरी माखननगर के मार्गदर्शन में हो रही दुर्घटनाओं के कारण उनका बचाव हेतु पिछले एक सप्ताह में 14 घटनाएं माता के कारण हुई । ग्राम आंखमऊ, गूजरवाडा, मानागांव, बागरातवा में गौ माता के बचाव के लिए रेडियम अभियान चलाया गया। जिसमें नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, सेक्टर प्रभारी सुरेश, कैलाश , सचिन यादव, एकलव्य यादव, अमित आकाश यादव, गैंदालाल यादव, राम गोविंद यादव, कुणाल, निहाल यादव, प्रदुमन कहार, ओमकार यादव एवं नवांकुर संस्था गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर** संस्था ने किए सामाजिक कार्य, तीन बच्चों का भारतीय धार्मिक, सांस्कृतिक परंपरा से कराया मुंडन संस्कार



# मुस्कान संस्था में आयोजन, बच्चों के चेहरे पर आई ख़ुशी

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली शहर की सामाजिक संस्था मुस्कान ने आज फिर एक मारतीय संक्रति से जुड़कर सामाजिक कार्य किया। यहां पर पल रहे तीन बच्चों का भारतीय धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा अनुसार मुंडन संस्कार कराया।

दुनिया में ऐसे विरले ही लोग होते हैं जिन्हें दूसरों का दुख दर्द अपना लगता है कुछ इसी तरह से दूसरों के दुख दर्द को अपना समझने वाले शहर के सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर मुस्कान संस्था के माध्यम 50 अनाथ बच्चों का दायित्व संभालते हैं। उनके पिता बनाकर संपूर्ण देखभाल करते हैं और जिम्मेदारी भी बखूबी निभाते हैं ।इन्ही जिम्मेदारियां में से एक जिम्मेदारी का निर्वहन आज उनके द्वारा देखने को मिला जहां पर उन्होंने मालवियागंज स्थित स्वप्नेश्वर हनुमान मंदिर में 6 माह की दो बेटियां और एक बेटे का मुंडन संस्कार कराया । मुस्कान संस्था के स्टाफ के अलावा शहर के गणमान्य नागरिक इस मुंडन संस्कार के साक्षी बने ।

सभी ने इन नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं की मुंडन संस्कार में अपनी सहभागिता जताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर बताते हैं कि संस्था के माध्यम से ही इन तीनों पीड़ित बच्चों की डिलीवरी शासकीय अस्पताल में कराई गई थी।जन्म से ही इन बच्चों का लालन पोषण यहां की मुस्कान संस्थाओं की महिला स्टाफ द्वारा किया जा रहा था। जब यह बेटे- बेटी 6 माह के हुए तो भारतीय सांस्कृतिक परंपरा अनुसार इनका मुंडन संस्कार आज कराया गया।

### बेटियों की शादी भी

मनीष ठाकुर ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर 2024 को संस्था की ही एक और बिटिया का शुभ विवाह संपन्न होने जा रहा है।यह संस्था की इस वर्ष की तीसरी बिटिया होगी जिसका विवाह संस्था के माध्यम से 18 वर्ष पूर्ण होने पर कराया जा रहा है। इसके पूर्व दो बेटियां सफलतापूर्वक अपने गृहस्थी संचालित कर रही है।

आज ही मुस्कान संस्था में आई एक पीड़ित युवती जिसकी एक बेटी मानसिक दिव्यांग है युवती ओर दोनो बेटियां का पालन मुस्कान संस्था करेगी। कार्यक्रम की व्यवस्था संजय मिहानी द्वारा की गई साथ ही विशेष रूप में नपाध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित थे।

मुस्कान संस्था में निरन्तर सेवा प्रकल्प से जुड़ी अधीक्षक ऋतु राजूपत,शक्ति सदन की विशाखा अंजिकर,विक्रम सिंह,रानी राजपूत,वंदना मजूमदार,मोना जॉनसन,नितिन वर्मा सहित बेटियों की डिलिवरी में सहायक निकिता मालवीय,एवम विनम लोवंशी इस कार्य कर्म में उपस्थित थे।

### जन सुनवाई में किसान की शिकायत के बाद एसडीएम ने पकड़ा कारनामा

# सर्विस प्रोवाइडर ने खुद का मोबाइल लिंक कराकर बुजुर्ग को लगाया चूना

- एसडीएम ने सर्विस प्रोवाइडर से किसान को करवाया भुगतान
- छल-कपट करने वाले सर्विस प्रोवाइडर पर मामला दर्ज करवाने पुलिस को लिखा पत्र



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

जनसुनवाई में शिकायत के बाद एसडीएम ने सर्विस प्रोवाइडर के बड़े कारनामे का खुलासा करते हुए इसकी 400 बी पकड़ी तथा पीड़ित किसानों प्रधानमंत्री तथा सीएम सम्मान निधि की राशि जो 4 हजार थी उनको भी सर्विस प्रोवाइडर से कृषक को दिलवाने का कार्य किया जैसे ही राशि कृषक के हाथ में आई तो उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी बुजुर्ग किसान बीते कई दिनों से सर्विस प्रोवाइडर के यह पर उक्त राशि को निकालने के लिए चक्कर लगा रहा था पर उसके हाथ मायुसी लग रही थी। एसडीएम ने किसान के साथ छल-कपट करने वाले सर्विस प्रोवाइडर पर मामला दर्ज करवाने के लिए भी पुलिस को पत्र लिखा है।

#### पीड़ित किसान ने जनसुनवाई में दिया था आवेदन

मंगलवार को एसडीएम की मौजूदगी में हुई जनसुनवाई में कृषक मिट्ठूलाल ने जनसुनवाई में एसडीएम हर्षल चौधरी से शिकायत दर्ज आवेदन देते हुए कहा कि मेरे खाते में शासन द्वारा अंतरित पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्य मंत्री किसान कल्याण योजना के 4000 की राशि को छल पूर्वक इनकी जगह पर अपना मोबाइल नंबर लिंक करके छतरी नाका स्थित एक कियोस्क संचालक द्वारा उनका अंगूठा ( बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट ) लगवाकर निकाल लिए जब भी मैं राशि लेने इसके पास जाता तो उसको चार बातें करके गुमराह कर दिया जाता था। एसडीएम ने बताया कृषक कई दिनों से संबंधित सर्विस प्रोवाइडर के चक्कर लगाकर परेशान था और बार बार अपने पैसों की मांग कर रहा था परंतु सर्विस प्रोवाइडर द्वारा उन्हें चार बातें करके भगाने का कार्य किया जा रहा था । इसके बाद हमने संबंधित ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर को बुलाकर जब पूरे मामले की पड़ताल की गई तो कृषक की शिकायत सत्य पाई गई। इसके उपरांत ने संबंधित सर्विस प्रोवाइडर के द्वारा कृषक के खाते से स्वयं का मोबाइल नंबर लिंक करवाकर हितग्राही की राशि को ओ टी पी के माध्यम से अपने खाते में अंतरित किया जाना पाया गया । मामला धोखाधड़ी का होने पर एसडीएम ने संबंधित सर्विस प्रोवाइडर के खिलाफ कार्रवाई करने क लिए पुलिस को संबंधित के विरुद्ध सुसंगत प्रावधान अंतर्गत कार्यवाही करने के लिए पत्र लिखा गया है। साथ ही पीड़ित किसान मिट्ठूलाल को उक्त सर्विस प्रोवाइडर से तत्काल 4000 दिलवाले का कार्य किया।

#### एसडीएम की तत्परता से हुई कार्रवाई

पीड़ित किसान की शिकायत को एसडीएम हर्षल चौधरी ने तत्काल गंभीरता से लेते हुए जांच करवा कर मौके पर ही संबंधित सर्विस प्रोवाइडर को बुलाया उसके बाद किसान के साथ किए गए गड़बड़ झाले के बारे में पूछता है की तो सर्विस प्रोडक्ट ने अपनी गलती मानते हुए किसान के खाते से अपना मोबाइल नंबर लिंक करके ओटीपी के माध्यम से राशि निकालने के खेल को अंजाम दिया जांच के बाद कृषक को राशि भी लौट आई वहीं उक्त सर्विस प्रोवाइडर के द्वारा और कई किसानों को भी इसी तरह चूना लगाया होगा उसकी जांच गंभीरता से करवाई जाए तो बड़े घोटाले से पर्दा उठा सकता है। क्योंकि इसके द्वारा कई और किसानों के साथ इसी तरह की गड़बड़ी की होगी।

#### भोले-भाले किसानों के साथ सर्विस प्रोवाइडर कर रहे हैं छल

अधिकांश सर्विस प्रोवाइडर के द्वारा भोले वाले किसानों को इसी तरह धोखा देकर उनकी राशि को निकाल कर गोलमाल करने के कारनामों को अंजाम दिया जा रहा है। कई किसान पढ़े लिखे होते नहीं है जैसा सर्विस प्रोवाइडर बोलते हैं इनकी बात को मान लेते हैं पर ऐसी भरोसे की आड़ में इनके साथ धोखा किया जा रहा है पहले भी पेंशन धारी के साथ इस तरह की गड़बड़ी के मामले भी उजागर हो चुकें हैं।

## एसडीएम ने निजी दुकान का किया औचक निरीक्षण, 3 समितियों में भेजा खाद



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

डीएपी तथा यूरिया खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए एसडीएम के द्वारा लगातार निजी दुकानों का निरीक्षण करके किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही खाद का वितरण करवाया जा रहा है। इसके अलावा किसानों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र की तीन पैक्स समितियां को 15 -15 टन के करीब यूरिया खाद भी उपलब्ध करवाया गया कि जिससे कि किसानों को गांव के पास में ही इन समितियां के माध्यम से खाद प्राप्त हो सके किसानों को शहर भी नहीं आना पड़ेगा।इसके अलावा मंगलवार को एसडीएम हर्षल चौधरी चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया के साथ आभा ट्रेडर्स पर पहुंचे और यहां पर किसानों को बिना किसी अतिरिक्त सामग्री के दो-दो यूरिया खाद की बोरी शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही उपलब्ध करवाने का कार्य किया गया यहां पर दो-दो बोरी बिना अतिरिक्त सामग्री के मिली इससे पहले किसानों को 500 में यूरिया खाद देने का काम कई दुकानदारों के द्वारा किया जा रहा था ।एसडीएम के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद निजी दुकानदारों के काम में परिवर्तन हुआ।

#### आरोपी की सूचना देने पर नगद इनाम की घोषणा

सिरोंज। विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना सिरोंज में दर्ज अपराध के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिरोंज में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 387/2024 के फरार आरोपी अंकित पुत्र विनोद जोगी निवासी डोंगरगढ विजयपुर जिला गुना (म.प्र.) की सूचना अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वालो के लिए तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

#### दिव्यांश ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**सिरोंज।** 28 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 38 वीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्कांडो चौंपियनशिप में आदर्श ताइक्कांडो क्लब स के खिलाड़ी दिव्यांश पाल ने , वजन वर्ग अंडरदू29 किलोग्राम ने मध्य प्रदेश टीम से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। दिव्यांश की उपलब्धि पर आदर्श ताई कमांडो क्लब में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आदर्श ताइक्कांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाहा एवं सहायक कोचों में सम्मान भी किया। इस दौरान दीपक अहिरवार, विशाल कुशवाह, निधि साहू, कविता कुशवाह, अनिकेत कुशवाह चिरंजीवी नेमा,तुलसी प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा विश्व दिव्यांग दिवस पर आज मंगलवार को जिला खेल स्टेडियम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलन व पूजन अर्चना कर किया गया। इस दौरान रंगोली, पेंटिंग, दौड़, एकल गायन, समूह गायन, एकल नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि ईश्वर ने कोई कमी दी है तो उसके लिए जीवन में निराश होने की आवश्यकता नहीं है आप खूब पढ़े लिखे और नाम रोशन कीजिए, कार्यक्रम में विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी, राकेश शर्मा समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक पंकज जैन, गणमान्य नागरिक व दिव्यांगजनों के परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने के प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए थे।

#### मोटराइज्ड ट्राय साइकिलों का वितरण

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा कलेक्टर के द्वारा बैटरी से चलित मोटराइज्ड ट्राय साइकिलों का वितरण दिव्यांगजनों को किया गया है। साथ ही उनका स्वागत भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिव्यांगजनों को बहुउपयोगी उपकरणो के साथ-साथ मोटराईज्ड ट्राइसाइकिले वितरित की है।



#### कलेक्टर ने जायजा लिया

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला खेल स्टेडियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर दिव्यांगजनों से सांकेतिक रूप में चर्चा कर आयोजन के संबंध में उनके विचार जाने। उन्होंने मौके पर अनेक दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के उपकरण प्रदाय किए है। इस दौरान दिव्यांगजनों ने कलेक्टर श्री सिंह के साथ सेल्फी ली है।

सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पंकज जैन ने बताया कि मेडिकल बोर्ड के माध्यम से सात दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए है एडिप योजना अंतर्गत पूर्व में चिन्हित 64 दिव्यांगजनों को 116 सहायक उपकरण प्रदाय किए गए है उनमें 34 को मोटराईज्ड साइकिल, 15 को ट्रायसाइकिल, 30 को वैशाखी, दो को सुगम्य केन, तीन को वॉकिग छडी, चार को व्हीलचेयर तथा एक दिव्यांग हितग्राही को रोलेटर सहायक उपकरण प्रदाय किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें सीएम राईज स्कूल विदिशा की दिव्यांग छात्रा कुमारी नेहा अहिरवार प्रथम स्थान पर रही जबकि आशीष यादव द्वितीय, कुमारी खुशी अहिरवार तृतीय स्थान पर रही। आयोजन स्थल पर दिव्यांगजनों को स्वंयसेवी संस्था बालाजी सरकार सेवा समिति के द्वारा स्वल्पाहार प्रदाय किया गया।

## महिला एवं बाल विकास द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर किया उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

मंगलवार को महिला एवं बाल विकास के द्वारा वार्ड क्रमांक दो की आंगनबाड़ी केंद्र पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली महिलाओं और बालिकाओं को गुड टच - बेड टच समुदाय में लैंगिक समानता सम्मान एवं सुरक्षा आदि हेतु संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के लिए होने वाले मंगल दिवस कार्यक्रम भी किया गया जिसमें गोद भराई के साथ गर्भावस्था के दौरान उचित खान पान की समझाइश देकर विस्तार से जानकारी दी इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं हम होंगे कामयाब पखवाड़ा महिला सुरक्षा संवाद तथा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक जीतू बाला,कार्यकर्ताच मनीषा कुशवाह, शाहाना बानो,नीरू पाटीदार,प्रीति नेमा आदि मौजूद थी।




## जेंडर हिंसा रोकने जनजागरूकता कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा हम होंगे कामयाब के तहत जेण्डर हिंसा रोकने के लिए जिले में विशेष पहल की जा रही है जिसमें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एसआरएलएम के द्वारा कृषि सखी गतिविधियों क आयोजन किया जा रहा है जिसमें जेण्डर हिंसा को रोकने के कानूनन प्रावधानो की जानकारी देते हुए सामाजिक स्तर पर जेण्डर हिंसा रोकने के उपाय सांझा किए जा रहे है। आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक श्री संजय चौरसिया ने बताया कि मंगलवार को विदिशा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रंगई में ततसंबंधी कार्यक्रमों का आयोजन कर जनजागरूकता संदेशों का सम्प्रेषण किया गया है।




**मेट्रो एंकर** विधायक ने लटेरी नगर में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा विकास कार्यों की दी सौगात

## उमाकांत शर्मा ने किया डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा विकास कार्यों का भूमि पूजन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विधायक उमाकांत शर्मा ने लटेरी नगर में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा विकास कार्यों का भूमि पूजन किया इसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सिरोंज रोड स्थित पेट्रोल पंप से विधायक उमाकांत शर्मा की भव्य अगवानी की और आतिशबाजी ढोल ताशा के साथ भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद मोहन यादव जिंदाबाद के नारों से विधायक की अगवानी की नगर परिषद लटेरी द्वारा लटेरी के वार्ड क्रमांक 3 और 4 स्थित मुख्य सड़क व्यास जी की कुईया से थाने के सामने तक रोड का भूमि पूजन जिसकी अनुमानित लागत लगभग 85 लख रुपए है और इस रोड के निर्माण से लोगों की परेशानियां समाप्त होगी इसके अतिरिक्त नगर परिषद लटेरी द्वारा ही स्वच्छ शहर ग्रीन शहर की तर्ज पर गंदे नालों के पानी की निकासी के लिए अंडरग्राउंड गटर निर्माण का भी भूमि पूजन का कार्य किया जिसकी लागत लगभग 65 लख रुपए होगी जिस शहर का गंदा पानी लटेरी के तालाब में ना मिल सके और तालाब का सौंदर्य बरकरार रहे। इसके पश्चात पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विधायक उमाकांत शर्मा ने क्षेत्र से आए हुए कार्यकर्ताओं औरआम जन की समस्याएं सुन आई और मौके पर निराकरण किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि लटेरी का विकास तो हमारा लक्ष्य है लेकिन हम विकास के साथ सुरक्षा का वातावरण भी बनाना चाहते हैं और लटेरी की सुरक्षा के साथ क्षेत्र की सुरक्षा के साथ समझौता करने वाले किसी भी तत्व को बकेंगे नहीं इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने वन विभाग की लापरवाही का उल्लेख करते हुए जंगल बचाने का आह्वान किया विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज विश्व की परिस्थितियों कहती है कि हमको एक रहना चाहिए बांग्लादेश की घटना कि उन्होंने निंदा की और लोगों से कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार हिंदुओं के मंदिरों को तोड़ा जा रहा है हिंदू महिलाओं की इज्जत लूटी जा रही है अत्याचार किए जा रहे हैं मंदिरों में आग लगाई जा रही है इसके लिए भी हम सबको जन जागरण का कार्य करना चाहिए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के स्वप्न को साकार करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे और हम सब लक्ष्मीकांत जी के सपनों को मिलकर साकार करेंगे उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी और प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी का आभार भी व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री राम गुलाम राजोरिया ने किया और आभार विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर नगर परिषद लटेरी की अध्यक्ष श्रीमती शैलेश अत्तु भंडारी वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह बघेल सूरज प्रसाद श्रीवास्तव भैरो सिंह जादौन भारत सिंह राजपूत लक्ष्मण सिंह बघेल राजकमल बघेल महेंद्र सिंह राजपूत विधायक प्रतिनिधि संजय भंडारी शिव चरण प्रजापति सहित समस्त जनप्रतिनिधि अधिकारीगण उपस्थित थे।







# चेस ओलिंपियाड: भारत को गोल्ड दिलाने वाले गुकेश-अर्जुन हर मैच में अजेय रहे, दिव्या-वंतिका को इंडिविजुअल गोल्ड

**बुडापोस्ट. एजेंसी**

भारत ने 45वें चेस ओलिंपियाड में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए ओपन और विमेंस कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीत लिए। देश को इंडिविजुअल कैटेगरी में भी 4 गोल्ड मिले, मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी में 2-2 प्लेयर्स ने पहला स्थान हासिल किया। दोनों कैटेगरी में 5-5 प्लेयर्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। 11 राउंड के बाद ओपन टीम ने 22 में से 21 पॉइंट्स हासिल किए। वहीं विमेंस टीम ने 19 पॉइंट्स के साथ गोल्ड पर कब्जा किया।

**विमेंस टीम ने डिफेंडिंग चैंपियन चीन को हराया:** विमेंस टीम में तानिया सचदेव, वैशाली रेमशबाबू, हरिका द्रोणावल्ली, वंतिका अग्रवाल और दिव्या देशमुख ने गोल्ड दिलाया। टीम ने 11 राउंड में से 9 जीते और एक ही ड्रॉ खेला। टीम को इकलौती हार पोलैंड के खिलाफ मिली। हालांकि, भारत ने 19 पॉइंट्स के साथ पहला स्थान हासिल किया। टीम ने 10वें राउंड में डिफेंडिंग चैंपियन चीन भी हराया।

### 1. तानिया सचदेव

स्पोर्ट्स कॉमेंटेटर तानिया सचदेव 2008 में ही ग्रैंडमास्टर बन गई थीं। हालांकि, तब विमेंस चेस में भारत कुछ खास नहीं कर रहा था। जिस कारण उन्हें अब जाकर टीम इवेंट में करियर का पहला इंटरनेशनल गोल्ड नसीब हुआ। वह 2012 के ओलिंपियाड में इंडिविजुअल ब्रॉन्ज जीत चुकी हैं। तानिया ने बुडापेस्ट में 5 मैच खेले, 2 में उन्हें जीत मिली, जबकि 3 ड्रॉ रहे। उन्होंने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया।

### 2. हरिका द्रोणावल्ली

हरिका द्रोणावल्ली ने 2011 में ग्रैंडमास्टर का टाइटल हासिल कर लिया था। 2010 के एशियन गेम्स में उन्होंने इंडिविजुअल इवेंट का सिल्वर जीतने के बाद 2015 की वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज भी जीता। 2019 में उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। 2022 में वह एशियन गेम्स सिल्वर जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रही थीं। हरिका ने अब चेस ओलिंपियाड के 9 मैचों में से 3 में जीत हासिल की और 3 ही मुकाबले ड्रॉ खेले।

### 3. वंतिका अग्रवाल

बोर्ड-4 पर खेलते हुए वंतिका अग्रवाल ने विमेंस इंडिविजुल का भी गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 11 राउंड में 9 मैच खेले और महज एक में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें 5 में जीत मिली, जबकि 3 मैच उन्होंने ड्रॉ खेले। उन्होंने 2023 में ग्रैंडमास्टर का टाइटल हासिल किया, इससे पहले 2022 में वह एशियन गेम्स का सिल्वर जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रही थीं।

### 4. दिव्या देशमुख

विमेंस टीम में भारत की सबसे मजबूत प्लेयर 18 साल की दिव्या देशमुख रहीं। वह देश की नंबर-1 विमेंस चेस प्लेयर भी हैं। उन्होंने ओलिंपियाड में सभी 11 मैच खेले, 8 जीते और महज 3 ड्रॉ खेले। उन्होंने 9.5 पॉइंट स्कोर के साथ बोर्ड-3 का इंडिविजुअल गोल्ड भी अपने नाम किया। दिव्या 2022 के चेन्नई ओलिंपियाड में इंडिविजुअल ब्रॉन्ज भी जीत चुकी हैं। उन्होंने 2020 के ऑनलाइन ओलिंपियाड में भी टीम इवेंट का गोल्ड जीता था। वह 2023 में एशियन चैंपियनशिप के इंडिविजुअल इवेंट का गोल्ड भी जीत चुकी हैं।



**वैशाली रमेशबाबू:** ग्रैंडमास्टर बनने वालीं वैशाली रमेशबाबू ने 2022 में विमेंस टीम के साथ एशियन गेम्स का सिल्वर मेडल जीता था। उन्होंने अब चेस ओलिंपियाड के 10 मैच खेले और 4 में जीत हासिल की। उन्हें 2 में हार भी मिली, लेकिन 4 मैच ड्रॉ खेलकर उन्होंने टीम का स्कोर खराब नहीं होने दिया।

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप

# गुकेश और लिरेन ने चौथा ड्रॉ खेला, दोनों के 3.5-3.5 अंक

**सिंगापुर. एजेंसी**

वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच कांटे की टक्कर जारी है। दोनों ने मंगलवार को ड्रॉ मैच खेला। फाइनल में लगातार चौथा गेम ड्रा रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरी, चौथी, पांचवीं और छठी बाजी भी ड्रॉ रही। चीन के 32 साल के लिरेन ने पहला गेम जीता था जबकि 18 साल के गुकेश ने तीसरा गेम अपने नाम किया था। 7वें गेम के दौरान सफेद मोहरों से खेल रहे गुकेश मजबूत स्थिति में थे, लेकिन चाइनीज स्टार ने शानदार बचाव करते हुए उन्हें ड्रॉ खेलने पर विवश किया। 72 चालों के बाद गुकेश एक प्यादे की बढ़त पर थे। इस ड्रॉ गेम के बाद दोनों खिलाड़ियों के पास एक समान 3.5-3.5 अंक हैं। 14 गेम के मुकाबले में पहले 7.5 अंक हासिल करने वाला खिलाड़ी मुकाबले को जीत लेगा और वर्ल्ड चैंपियन कहलाएगा।

टाइम और पोजिशन के लिहाज से बढ़त पर थे गुकेश गेम के दौरान गुकेश समय और पोजीशन के लिहाज से भारी बढ़त पर थे। एक समय तो ऐसा लगा कि लिरेन फिर समय के आधार पर बाजी गंवा बैठेंगे। लेकिन उन्होंने 16 मिनट में 15 चालें चलनी थीं। 40वीं चाल में उनके पास हार से बचने के लिए सिर्फ 7 सेकेंड ही बचे थे। एक समय तो गुकेश भी समय के दबाव में फंस गए थे। उन्होंने 56वीं चाल तब चली, जब घड़ी में सिर्फ 2 सेकेंड बाकी रह गए थे। गुकेश अंत तक एक पैदल की बढ़त पर रहे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए। 5 घंटे 20 मिनट तक चला मुकाबला 7वां मुकाबला 5 घंटे और 20 मिनट तक चला। पिछला मैच चार घंटे से ज्यादा समय तक चला था। यह फाइनल की अब तक की सबसे लंबी बाजी रही।



**गुकेश और लिरेन का छठा मैच बराबर रहा:** भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश और विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के बीच सिंगापुर में खेले जा रही वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल का छठा मुकाबला बराबरी पर रहा। दोनों ने लगातार तीसरा ड्रॉ मैच खेला है। इससे पहले चौथा, पांचवां मैच भी बराबरी पर छूटा था।

**पांच घंटे तक चली बाजी में गुकेश जीत दर्ज करने से चूके:** भारत के डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की सातवीं बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों समान अंक के साथ बराबरी पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह लगातार चौथी बाजी ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ियों के सात दौर के बाद समान 3.5 अंक हैं और अब भी चैंपियनशिप जीतने से चार अंक दूर हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच यह बाजी पांच घंटे 20 मिनट तक चली। सफेद मोहरों के साथ खेलने के बावजूद गुकेश ने जीत का मौका गंवा दिया।

# पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप: भारत और पाकिस्तान के बीच आज होगी खिताबी भिड़ंत

**मस्कट. एजेंसी**

मौजूदा चैंपियन भारतीय हॉकी टीम बुधवार को पुरुष जूनियर एशिया कप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। भारतीय टीम ने मंगलवार को सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले, पाकिस्तान ने एक अन्य सेमीफाइनल में जापान को 4-2 से हराया था। रेकॉर्ड चार बार की चैंपियन भारतीय टीम की नजरें खिताबी हैट्रिक बनाने पर होंगी। भारत ने पिछले साल भी फाइनल में पाकिस्तान को हराया था।



**इन खिलाड़ियों ने भारत के लिए गोल दागे:** भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल में दिलराज सिंह ने 10वें मिनट में पहला गोल दागा। इसके बाद 45वें मिनट में रोहित व शारदा नंद तिवारी ने 52वें मिनट में शानदार गोल करके टीम को 3-0 से आगे कर दिया। मलेशिया के लिए 57वें मिनट में अजिमुद्दीन ने गोल किया।

**पांचवीं बार फाइनल में टक्कर:** भारत और पाकिस्तान के बीच इस टूर्नामेंट में कुल पांचवीं भिड़ंत होगी। इसमें से तीन बार भारत और एक बार पाकिस्तान ने जीत दर्ज की है।

# हरमनप्रीत एफआइएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए नामित

**नई दिल्ली. एजेंसी**



पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को एफआइएच प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए शनिवार को नामित किया गया। 28 वर्षीय हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था और टॉप स्कोरर रहे थे। उन्होंने आठ मैचों में कुल 10 गोल ठोके थे। हरमनप्रीत सिंह के पास तीसरी बार यह अवॉर्ड जीतने का मौका है। इससे पहले, वह 2020-21 और 2022 में विजेता बने थे। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, इस अवॉर्ड के लिए नामिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है, लेकिन यह सब मेरी टीम के समर्थन के बिना नहीं हो सकता था।

# निशानेबाजी: कलिकेश एनआरएआइ के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली. एजेंसी**

कलिकेश नारायण सिंहदेव भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) के नये अध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने चुनावों में वीके धाल को 36-21 से शिकस्त दी। ओडिशा के पूर्व सांसद कलिकेश पिछले साल रनिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद से संघ का दैनिक कामकाज देख रहे थे। पिछले साल खेल मंत्रालय ने निर्देश जारी किया था कि राष्ट्रीय खेल महासंघों का कोई पदाधिकारी राष्ट्रीय खेल कोड के तहत 12 वर्ष से अधिक समय तक पद पर नहीं रह सकता।

## मेट्रो बाजार



# भारत अगले 10-15 साल में डिफेंस उपकरणों का नेट एक्सपोर्टर बन जाएगा



**जयपुर, एजेंसी**

जयपुर के रहने वाले मनोज जैन अगस्त 1991 में परिवीक्षाधीन इंजीनियर के रूप में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में शामिल हुए और आज कंपनी के सीएमडी हैं। जयपुर के एमएनआइटी से इंजीनियरिंग करने वाले मनोज का बीईएल में करियर तीन दशकों से अधिक का है, जो अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में उनकी समर्पण और विशेषज्ञता को दर्शाता है। बीईएल ने एचएएल के साथ मिलकर भारत में एक अच्छी फाउंड्री स्थापित करने का प्रयास किया था। लेकिन इसमें कुछ तकनीकी और वित्तीय कठिनाइयां थीं, जिसके कारण हमें इस बड़े उत्पाद को छोड़ना पड़ा। वर्तमान की नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में बहुत अधिक निवेश की आवश्यकता होती है। एक फैब्रिकेशन संयंत्र स्थापित करने में हजारो करोड़ रुपए लगते हैं। इसके अलावा, संचालन लागत भी काफी अधिक है। इसलिए, हमने सोचा कंपाउंड सेमीकंडक्टर फैब को सेमीकंडक्टर फैब से बदल दिया जाना चाहिए, जिसके लिए हम कुछ कंपनियों से बात कर रहे हैं। भारत को टॉप डिफेंस एक्सपोर्टर बनना ही है। यह अलग बात है कि इसमें कितने साल लगेंगे। हो सकता है 5 साल लगे, हो सकता है 10 साल लगे। मैक्सिमम 15 साल में हम नेट एक्सपोर्टर हो ही जाएंगे। फिर नेट एक्सपोर्टर से हमें वर्ल्ड का लीडर बनना है। हमारे पास वो क्षमता, वो विजन है कि अगले 15 साल में हम लॉकडिह मार्टिन जैसी दुनिया की टॉप कंपनियों की पंक्ति में आ सकते हैं। एक्सपोर्ट की दिशा में सरकार हमें समर्थन दे रही है।

# वोडाफोन-आइडिया जल्द ही 5 जी लॉन्च करेगी

**मुंबई. एजेंसी**



वोडाफोन-आइडिया ने नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ तीन साल में 4 जी और 5 जी नेटवर्क इक्विपमेंट्स की सप्लाई के लिए 3.6 बिलियन डॉलर यानी 30 हजार करोड़ रुपए की डील की है। यह कंपनी के 6.6 बिलियन डॉलर (55 हजार करोड़ रुपए) के तीन साल के कैपेक्स प्लान के इंप्लीमेंटेशन की दिशा में पहला कदम है। कंपनी का इस प्लान से टारगेट- 4 जी पॉपुलेशन के कवरेज को 1.03 बिलियन (103 करोड़) से बढ़ाकर 1.2 बिलियन (120 करोड़) करना, प्रमुख बाजारों में 5 जी लॉन्च करना और डेटा ग्रोथ के तहत कैपेसिटी को बढ़ाना है। आइडिया लिमिटेड के सीईओ अक्षय मूंदड़ा ने कहा, हम अपने कस्टमर्स को बेस्ट-इन-क्लास एक्सपीरियंस देने के लिए उभरती नेटवर्क टेक्नोलॉजीज में निवेश करने के लिए कमिटेड हैं। हमने इन्वेस्टमेंट साइकिल शुरू कर दी है। हम अपनी जर्नी पर हैं और यहां से इंडस्ट्री ग्रोथ अपॉर्चुनिटीज में भाग लेने के लिए एक स्मार्ट बदलाव करेगी। नोकिया और एरिक्सन हमारी शुरुआत से ही हमारे पार्टनर्स रहे हैं और यह उस पार्टनरशिप में एक और माइलस्टोन है। हमें सैमसंग के साथ अपनी नई पार्टनरशिप शुरू करने की खुशी है। हम 5त्न युग में आगे बढ़ने के साथ अपने सभी पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। कंपनी का मार्केट कैप 73 हजार करोड़ रुपए हो गया है। कंपनी का शेयर बीते एक महीने में 35त्न और छह महीने में 20 फीसदी गिरा है। वहीं एक साल में कंपनी का शेयर करीब 7 फीसदी गिरा है।


**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# पिता शक्ति कपूर की कहानियों से प्रेरित होती हैं श्रद्धा कपूर, अभिनेत्री ने बताया क्या मिलती है सीख



श्रद्धा कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अभिनेत्री अपनी इस फिल्म की सफलता का आनंद उठा रही हैं। अभिनेत्री ने फेमिना के लिए एक कवर स्टोरी में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने बताया कि वह सफलता को किस तरह से देखती हैं। उनकी फिल्म 'स्त्री 2' हाल ही में भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी हैं। बातचीत के दौरान, श्रद्धा ने सफलता के बारे में बात की और बताया कि उनके लिए सफलता का मतलब क्या है? उन्होंने कहा, 'मेरे लिए सफलता पारंपरिक तरीकों से परिभाषित नहीं होती है। इस समय, जब मैं आपसे बात कर रही हूं, तो इसका मतलब है स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेना, अपने परिवार के साथ पलों को संजोना और सार्थक रिश्तों को बढ़ावा देना। मेरे लिए, सच्ची सफलता का मतलब है प्रियजनों का नजदीक होना, आराम से सोना, अपने काम में आगे बढ़ना, जीवन को संतुलित करना और मानसिक रूप से शांत रहना।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'मेरे पिता की कहानियां मुझे याद दिलाती हैं कि किसी भी चीज को हल्के में न लें, और यह मुझे जमीन से जुड़ा रखता है।' हाल ही में, श्रद्धा कपूर इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री बन गई हैं।

# बॉलीवुड में कमबैक करेंगे फवाद! रिद्धि डोगरा के अपोजिट दिखेंगे



पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान 8 साल बाद बॉलीवुड में कमबैक करने वाले हैं। उन्हें रॉमकॉम जॉनर की एक फिल्म में एक्ट्रेस रिद्धि डोगरा के अपोजिट देखा जाएगा। फवाद अंतिम बार 2016 की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में दिखे थे। सूत्रों के हवाले से लिखा गया है कि रिद्धि और फवाद को एक रॉमकॉम फिल्म में कास्ट किया गया है। बाकी स्टार्स को कास्ट करना अभी बाकी है। फिल्म अभी शुरुआती स्टेज में है। पेपर वर्क हाल ही में पूरा हुआ है। फवाद और रिद्धि का लव एंगल देखने को मिलेगा। वहीं डायरेक्टर का नाम भी अभी सीक्रेट रखा गया है। सूत्र ने यह भी बताया है कि फिल्म की शूटिंग अभी शुरू नहीं हुई है क्योंकि दोनों दूसरे काम में अभी बिजी हैं। शूटिंग इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगी। वहीं मेकर्स इसे साल के अंत में या 2026 की शुरुआत में रिलीज कर सकते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, रिद्धि और फवाद फिल्म के किसी हिस्से की शूटिंग भारत में नहीं करेंगे। पूरी शूटिंग विदेश में होगी। इसकी शूटिंग न्यूयॉर्क या लंदन के कुछ जगहों पर की जाएगी।

## • अभिनेत्री को अब भी है पछतावा

# एक्ट्रेस प्रीति झंगियानी ने बिग बी की शॉल लेने से कर दिया था इनकार



2000 के दशक में रिलीज हुई फिल्म 'मोहब्बतें' की अभिनेत्री प्रीति झंगियानी ने अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म में उनकी भूमिका ने गहरी छाप छोड़ी। हाल ही में, अभिनेत्री ने फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। अभिनेत्री ने बताया कि अमिताभ बच्चन ने उन्हें शॉल दी थी, जिसे उन्होंने लेने से मना कर दिया था। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा? मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में इस घटना के बारे में साझा किया। उन्होंने जूम से बातचीत में बताया कि मॉडलिंग के दिनों से ही उनमें आत्मविश्वास था, और यह सहज रूप से कैमरे पर भी झलकता था। हालांकि, वह कैमरे के पीछे बहुत शर्मीली और अंतर्मुखी थीं। उन्होंने शूटिंग के दौरान की बात याद करते हुए कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म सिटी में कितनी ठंड थी। इस वजह से, अमिताभ बच्चन आए और उन्हें पहनने के लिए शॉल दी। हालांकि, उन्होंने इसे लेने से यह कहते हुए मना कर दिया, 'नहीं नहीं, मैं इसे नहीं ले सकती।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'फिर यश जी (यश चोपड़ा) मेरे पास आए और कहा, 'सुनो, अगर अमिताभ बच्चन मुझे वह शॉल देते, तो मैं इसे ले लेता, घर भाग जाता और उन्हें कभी वापस नहीं देता। मुझे आज भी इस बात का अफसोस है कि मैनें वह शॉल नहीं ली।

## • एक्टर का दिलचस्प खुलासा

# अभिनेता अभिषेक बनर्जी ने 'स्त्री 2' के लिए पीआर पर खर्च किए थे पैसे



अभिषेक बनर्जी हाल में ही वेदा और स्त्री 2 में नजर आए हैं। स्त्री 2 में उन्हें जेना के किरदार में काफी पसंद भी किया गया है। अभिनेता ने हाल में ही खुलासा किया कि उन्होंने इस फिल्म को लेकर अपने पीआर के लिए पैसे खर्च किए थे। अभिषेक बनर्जी हालिया रिलीज फिल्म स्त्री 2 में नजर आए हैं। अभिषेक ने भी एक दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि अपने बारे में अच्छी बातें प्रसारित कराने के लिए अभिनेता ने पीआर को पैसे दिए थे। हालांकि, फिल्म की रिलीज के बाद उनकी तारीफ स्वाभाविक रूप से हुई, क्योंकि दर्शकों को उनका काम काफी पसंद आया। अभिषेक बनर्जी स्त्री 2 में अपने किरदार जेना के रूप में नजर आए। इस किरदार में अपने अभिनय से उन्होंने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। हाल में उन्होंने आईडीवा के साथ बातचीत के दौरान पीआर गतिविधियों की कमियों के बारे में बात करते हुए यह स्वीकार किया कि उन्होंने भी इसके लिए पैसे खर्च किए थे। अभिनेता ने कहा,卐समस्या यह है कि पीआर की अगर स्वाभाविक और वास्तविक खबर भी आएगी, तो भी लोगों को लगता है कि पीआर है। किसी ने तुम्हारे बारे में अच्छा लिख दिया और तुम अच्छा महसूस कर रहे हो और ऑर्गेनिकली आया है, लेकिन फिर हर कोई सोचेगा, ओह इसने पीआर करवाया है। यह एक कमी है। मेरे साथ भी ऐसा हुआ।

# अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी



**भोपाल।** शहर में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। कोहेफिजा थानांतर्गत लोकायुक्त कार्यालय के सामने रोड पर खड़ी विशाल जाटव और बीडीए कालोनी कोहेफिजा से दिलावर सिंह की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इसी प्रकार रातीबड़ स्थित साक्षी ढाबे के पास नावेंद्र, एमपी नगर जोन क्रमांक एक से रुचिर भगत और हनुमानगंज स्थित दुर्गा मंदिर के सामने सिंधी कालोनी से राजेंद्र बत्रा का दोपहिया वाहन चोरी हो गया। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# बिना टिकट वन विहार में घुसे कार सवार रोकने पर वन रक्षकों के साथ की बदसलूकी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कमला नगर पुलिस ने कार में सवार चार लोगों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी बगैर टिकट लिए कार लेकर वन विहार के अंदर घुस गए थे। वन रक्षकों ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ बदसलूकी करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक धर्मेद्र सिंह राजपूत (39) फारेस्ट कालोनी प्रेमपुरा में रहते हैं और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन रक्षक के पद पर पदस्थ हैं। सोमवार की शाम को वह काउंटर पर टिकट काट रहे थे। शाम करीब पांच बजे एक कार में सवार चार लोग बगैर टिकट कटाए कार लेकर अंदर घुस गए। साथी वन रक्षक रूपकुमार ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं रुके। उसके बाद दोनों ने शासकीय वाहन से पीछा कर उन्हें रोक लिया। चारों के पास कोई टिकट नहीं था। पूछताछ करने पर कार सवारों ने अपने नाम संतोष गौर, करण राउत, राजू पटेल और मांगीलाल गौर बताया। टिकट नहीं लेने की बात पूछने पर चारों लोग वन रक्षकों के साथ बदसलूकी करते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगे। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया। बाद में पुलिस ने वन रक्षक धर्मेंद्र राजपूत की रिपोर्ट पर चारों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी सीहोर जिले के रहने वाले बताए गए हैं।

### छोला मंदिर पुलिस की दो टीम नागपुर और ग्वालियर के लिए रवाना

# ऑटो चालक का अपहरण, एक लाख रुपए की फिरौती मांगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर छोला से एक आटो चालक के अपहरण होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपहरण करने वाले ने युवक को छोड़ने के बदले एक लाख रुपए की फिरौती भी मांगी है। पुलिस ने उक्त मामले में युवक के पिता की शिकायत पर अपहरण और फिरौती मांगने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की ने फिरौती मांगने वाले नंबर की लोकेशन निकाली तो पता चला कि उस नंबर की लोकेशन ग्वालियर में मिली है, जबकि परिजन ने जिस पर अपहरण करने का संदेह जताया है उस नंबर की लोकेशन नागपुर में मिल रही है। लिहाजा पुलिस की दो टीम ग्वालियर और नागपुर के लिए रवाना हो गई है। पुलिस के अनुसार सूरज प्रजापति गुरु आश्रम के पास शंकर नगर छोला में रहते हैं। उन्होंने छोला मंदिर पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे आटो चलाते हैं। उनके 22 साल का बेटा संदीप प्रजापति भी आटो चलाता हैं। सोमवार सुबह संदीप घर से आटो चलाने के लिए निकला था। दोपहर में उसे कॉल किया तो उसका मोबाइल नंबर बंद हो गया था। शाम तक उसका नंबर बंद ही रहा तो सूरज ने उसकी तलाश की, पर कुछ पता नहीं चल सका।

### रात में कराई गुमशुदगी

लगातार नंबर बंद होने और कुछ पता नहीं चलने के कारण परेशान परिजन ने अनहोनी की आशंका होने पर छोला मंदिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सोमवार रात करीब 9 बजे संदीप की गुमशुदगी दर्ज कर ली। पुलिस और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच मंगलवार सुबह पिता के पास नए नंबर से कॉल आया और कॉलर ने कहा कि संदीप उनके पास है। एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा दो तो संदीप को सकुशल घर भेज दिया जाएगा।



### आटो चालक पर संदेह

सूरज प्रजापति ने अवकेश नाम में आटो चालक पर अपहरण का संदेह जताया था। पुलिस ने अवकेश के घर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। उसके मोबाइल की लोकेशन निकालने पर नागपुर में लोकेशन मिली। इसके अलावा जिस नंबर पर ऑनलाइन 1 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई?थी उस नंबर की लोकेशन भी ग्वालियर में मिली। पुलिस की दो टीम नागपुर और ग्वालियर में दबिश दे रही है।

## सूने मकानों से हजारों के जेवरात चोरी

**भोपाल।** गांधी नगर और श्यामला हिल्स स्थित सूने मकानों के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये के जेवरात और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार नयापुरा गांधी नगर में रहने वाले धर्मेंद्र गुर्जर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर चांदी की पायल, घड़ी और 30 हजार रुपये नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार श्यामला हिल्स स्थित हाता रुस्तम खां में रहने वाली फिरोज जहां के सूने मकान से चोर जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब तीस हजार रुपए बताई गई है।



# मदद के बहाने महिला से होटल में दुष्कर्म

### धमकी के चलते सवा महीने बाद दर्ज कराई शिकायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने से समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी मदद के बहाने महिला को बहन के घर छोड़ने का कहकर लेकर गया और होटल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। धमकी के चलते महिला ने करीब सवा महीने बाद थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक 23 वर्षीय महिला हबीबगंज थाना क्षेत्र की रहनी वाली है और गृहणी है। उसका पति होटल व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। महिला के घर पति के दोस्त और उसके एक अन्य दोस्त प्रांजल चौहान का आना-जाना था। पति की गैरमजूदगी में प्रांजल अक्सर महिला के घर जाता था। पिछले कुछ समय से महिला का अपने पति के साथ घरेलू बातों को लेकर मनमुटाव चल रहा था।



अपनी इस परेशानी को महिला प्रांजल के साथ शेयर करती थी। अक्टूबर के महीने में दंपति के बीच विवाद हुआ तो महिला ने इसकी जानकारी प्रांजल हो दी। प्रांजल मदद के लिए महिला के घर पहुंचा और उसे उसकी बहन के घर छोड़ने का कहकर अपने साथ ले गया। पहले वह महिला को इधर-उधर घुमाता रहा और देर रात कोलार की एक होटल लेकर पहुंचा। यहां उसने जान से मारने की धमकी देकर महिला के साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर पति को भी जान से मारने की धमकी दी। महिला ने उसे बताया था कि वह गर्भवती है, बावजूद इसके प्रांजल ने गलत काम किया और उसे होटल में ही छोड़कर चला गया। महिला किसी तरह अपने घर पहुंची, लेकिन धमकी के डर से उसने किसी को घटना की जानकारी नहीं दी थी। सोमवार को उसने अपने पति को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद पति उसे लेकर कोलार थाने पहुंचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# पोस्टिंग की फिक्र में न रहें, साइबर क्राइम-अवैध नशे का कारोबार रोके

### डीजीपी ने दी आईजी-एसपी को हिदायत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नवागत पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समस्त जोनल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक में साफ कहा कि वे अपनी मैदानी पोस्टिंग को बरकरार रखने की फिक्र छोड़कर काम करें और अवैध धंधों पर सख्ती से रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि %तबादले की चिंता नहीं करना चाहिए बल्कि आपका काम चाहे छह महीने का हो लेकिन बेहतरीन होना चाहिये।% डीजीपी ने यह भी आश्वस्त किया कि बेहतर काम करने वालों को पूरा प्रोत्साहन व संरक्षण मिलेगा। डीजीपी ने कहा कि हमें प्रोफेशनल पुलिसिंग की ओर बढ़ना है। अकाउंटेबिलिटी, रिस्पोन्सनेस, डिसिप्लीन, यूनिफार्म सर्विस होने के चलते अनिवार्यत:कायम रखना है। हमें रूल ऑफ लॉ अर्थात कानून ध्यान में रखते हुए कार्य करना है भ्रष्टाचार आदि से दूर रहें।

बैठक में डीजीपी ने कहा सिंहस्थ-2028 की तैयारी में और गतिशीलता लाने की तथा उज्जैन के सराउंडिंग जिलों में भी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं सायबर क्राइम, अवैध नशे के कारोबार और यातायात सुरक्षा पर तत्काल प्रभावशाली कार्य किया जाना सुनिश्चित करें। सूचना तंत्र को मजबूत करें और अवैध नशे के कारोबार के पूरे नेटवर्क को पता लगाकर नेस्तनाबूत करें।

**आमजन से शालीन व्यवहार करें:** डीजीपी ने पुलिसबल को हिदायत दी है कि वे जनता के साथ रखें सद्व्यहार करें। पुलिस स्टेशन पर आमजन का सर्वाधिक साबका प?ता है। इसलिए अपने अधिनस्थ स्टॉफ को अपडेटेड रखें और उन्हें इम्पावर्ड करें। थाना स्टॉफ आमजन से संवेदनशीलतापूर्ण सद्व्यवहार करें और बदमाशों से सख्ती से निपटें। बेसिक पुलिसिंग को मजबूत करने के लिए ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीटिजन सेंट्रिक सर्विसेज, जो पुलिस द्वारा दी जा रही है उनका रिव्यू करें और कौन सी सेवाएं दी जा सकती हैं, उन्हें जोड़ने की संभावनाओं पर विचार करें।

**मेट्रो एंकर** खुद को जिंदा साबित करने के लिए बुजुर्ग महिला ने दिया कलेक्टर को आवेदन

# पटवारी ने बुजुर्ग महिला को रिकॉर्ड में किया मृत घोषित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा डोलरिया निवासी एक बुजुर्ग किसान महिला अपने आप को जीवित सिद्ध करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रही है और अपने आप को जिंदा होने के प्रमाण दे रही है। अब पीड़ित बुजुर्ग महिला ने इस बात की शिकायत कलेक्टर से की है। इससे पहले उन्होंने इस बात की शिकायत सीएम हेल्पलाइन पर भी की थी लेकिन कोई निराकरण नहीं हो सका। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके साथ चालाकी करके सीएम हेल्पलाइन भी हटवा दी गई है। मृत घोषित कर उसको मिलने वाली



किसान सम्मान निधि भी बंद करवा दी गई है। पीडित महिला डोलरिया निवासी है महिला का नाम रामबाई कुशवाह है उनके पति की मृत्यु पहले हो चुकी है। श्रीमती रामबाई का कहना है कि पटवारी सुजीत नरें ने किसान सम्मान निधि योजना में मृत घोषित कर सम्मान निधि बंद करवा दी है। महिला को पंचायत के द्वारा विधवा पेंशन का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्हें किसान सम्मान निधि की एक किश्त मिल चुकी है। उसके बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया जिससे उसकी निधि आना बंद हो गई। इस बात की शिकायत सीएम हेल्प लाइन पर की गई तो उसे भी चालाकी पूर्वक हटवा दिया गया। उसने कहा कि तुम्हारा मोबाइल दो मैं कोशिश करता हूं अपडेट करने की इतना कह कर उसने मेरे मोबाइल से मेरी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को भी चालाकी से हटा दिया।पीडित महिला ने कलेक्टर को आवेदन देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेडी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022